संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

12 सितंबर 2026, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 346

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

# संताल एक्सप्रेस

### बीएलओ लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी : मुख्य चुनाव आयुक्त

**अहमदाबाद ।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश की चुनाव प्रक्रिया संविधान, चुनाव कानूनों और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार संचालित होती है। इस पूरी व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मतदाताओं तक पहुंचाने में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वे शुक्रवार को गुजरात विश्वविद्यालय के अटल कलाम हॉल में आयोजित 'इंटरैक्शन विद बूथ लेवल ऑफिसर' कार्यक्रम में गुजरात के बीएलओ से संवाद कर रहे थे।

# ब्रिक्स सम्मेलन से क्या भारत चीन का सीमा विवाद सुलझेगा?

## ब्रिक्स का दुनिया की जीडीपी में 40प्रतिशत योगदान : पुतिन

### मोदी और पुतिन के बीच हुई लंबी वार्ता

### रूस यूक्रेन युद्ध में भारत मध्यस्थता को तैयार




एजेंसी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका की टैरिफ की धमकियों और पश्चिम एशिया में उथल-पुथल के बीच नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में भारत ने सदस्य और पार्टनर देशों के बीच व्यापार को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी, 40 प्रतिशत जीडीपी और वैश्विक व्यापार के 25 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिक्स देशों से वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने पेमेंट सिस्टम को लिंक करने, लोकल करेंसी में ट्रेड को बढ़ावा देने और डिजिटल ट्रेड को ग्लोबल लेवल पर ज्यादा आसान बनाने की अपील की। फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, जबकि भारत आर्थिक पुल बना रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से भारत करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण व्यापारिक बाधाओं को कम करने और कारोबार के लिए अवसर बढ़ाने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत कृषि, स्वास्थ्य, कौशल और स्मार्ट ग्रिड जैसे क्षेत्रों में नए सहयोग नेटवर्क स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

ब्रिक्स बिजनेस फोरम के लीडर्स सेशन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जी7 का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि हम 40 प्रतिशत हैं और वो हमसे कम हैं। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में ग्रोथ के नए इंजन पैदा हो रहे हैं। दुनिया हमेशा बदलती रहती है और यही सच्चाई है। दुनिया बदलाव के दौर से गुजर रही है। मानवता की भलाई के लिए बदलाव जरूरी है। पुतिन ने कहा कि हमारे पास स्ट्रक्चर है ऐसी संस्थाएं हैं, जहां पर अच्छी तरह से पढ़ाया जाता है। यह मानवता के लिए जरूरी है और अर्थव्यवस्थाओं के लिए जरूरी है लेकिन बदलाव को हम रोक नहीं सकते। हमारे यहां बड़े स्तर पर शहरीकरण हो रहा है, बड़ी-बड़ी कंपनियां तैयार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, ज्यादातर वृद्धि ब्रिक्स देश से हुई है। हमारे बाजार काफी बड़े हैं। मुझे नहीं पता वह अपने आप को जी7 कहते हैं, जबकि हमारा ऐसा 40 प्रतिशत है और उनका हमसे कम। 40 प्रतिशत व्यापार ब्रिक्स देश में हो रहा है।

## जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप : मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में पहुंचा भारत




एजेंसी

**मोक्की, चीन ।** गत चैंपियन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 3-1 से हराकर एएचएफ जूनियर पुरुष एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत अब लगातार चौथी बार खिताब जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है।

भारत की जीत में कप्तान और ड्रैग फ्लिकर अनमोल एक्का ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए और टूर्नामेंट में अपने गोलों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। अनमोल फिलहाल टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं।

गोलकीपर विवेक लाकड़ा भी भारत की जीत के नायक रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कई शानदार बचाव किए और 53वें मिनट में मलेशिया को मिले पेनल्टी स्ट्रोक को भी बेहतरीन अंदाज में रोककर भारत की बढ़त कायम रखी।

भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। अजीत यादव ने शुरुआती दो मिनट में दो बार गोल करने के मौके बनाए। भारत को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन मलेशियाई गोलकीपर अम्स्यार मोहामद आदिब ने शानदार बचाव करते हुए टीम को संकट से बाहर रखा। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

भारत ने 16वें मिनट में मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर खाता खोला। कप्तान अनमोल एक्का ने जोरदार और नीची ड्रैग फ्लिक लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

मलेशिया ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन विवेक लाकड़ा और भारतीय रक्षापंक्ति ने लगातार उसके हमलों को नाकाम किया। तीसरे क्वार्टर में लाकड़ा ने शानदार डबल सेव किया। इस दौरान भारत को दो बार 10 खिलाड़ियों के साथ भी खेलना पड़ा, लेकिन मलेशिया इसका फायदा नहीं उठा सका।

चौथे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त मजबूत की। 51वें मिनट में सुखविंदर ने शानदार मूव को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके दो मिनट बाद लाकड़ा ने पेनल्टी स्ट्रोक रोककर मलेशिया को वापसी का मौका नहीं दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मिस्र के राष्ट्रपति की संजय सेठ ने की अगुवानी



**नई दिल्ली ।** 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सहभागिता के लिए नई दिल्ली पधारे मिस्र के राष्ट्रपति आदरणीय अब्देल फतह अल-सीसी जी का एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अगुवानी की। भारत और मिस्र के बीच मित्रता और सहयोग के गहरे संबंध हैं। दोनों देश मिलकर एक सशक्त ब्रिक्स साझेदारी के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

### हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को एक साथ

**नई दिल्ली ।** 14 सितंबर को देशभर में हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक साथ मनाई जाएगी। दोनों पर्वों के एक ही दिन पड़ने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग का वातावरण रहेगा। बाजारों में भी त्योहारों को लेकर रौनक बढ़ने लगी है। पूजा सामग्री, फूल, फल, मिठाई और सजावटी सामान की मांग बढ़ गई है। हरितालिका तीज पर महिलाएं भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की आराधना करती हैं। कई महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखती हैं। भगवान शिव-पार्वती की पूजा के साथ तीज की कथा सुनने और मंदिरों में दर्शन करने की परंपरा है। विवाहित महिलाओं के साथ अविवाहित युवतियां भी मनचाहे जीवनसाथी की कामना से यह व्रत करती हैं।

### जेपीएससी की पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता गुप्ता की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में कथित अनियमितता के मामले में जेल में बंद आयोग की पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता गुप्ता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। श्वेता गुप्ता के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और देवर्षि मंडल ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। वहीं, अभियोजन पक्ष ने उनकी जमानत का विरोध किया।

### ईडी का बैंक धोखाधड़ी के दो केस में सात राज्यों में छापा

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बैंक धोखाधड़ी और ऋण के कथित दुरुपयोग से जुड़े दो मामलों में बिहार, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में कई जगह छापा मारा है। ईडी के पटना जोनल कार्यालय ने बिहार के गया स्थित रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड से जुड़े मामले में पीएमएलए की धारा 17 के तहत गया, गुरुग्राम और नई दिल्ली में नौ जगह छापा मारा है।

## जेएसएससी- सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी छापा, दो हिरासत में

संवाददाता

**कोडरमा ।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक और धांधली की जांच का दायरा अब कोडरमा तक पहुंच गया है।

मामले की जांच कर रही सीआईडी की एसआईटी ने गुरुवार देर रात जिले में दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर दो युवकों को हिरासत में लिया।

दोनों को पूछताछ के लिए रांची ले जाया गया है। अचानक हुई इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के अनुसार, एसआईटी ने पहले डोमचांच थाना क्षेत्र के गोलवाढाब में दबिश दी। यहां राजेश यादव, पिता जगदीश यादव के घर पर छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया गया।

इसके बाद टीम ने कोडरमा सदर थाना क्षेत्र के पूर्णानगर रोड में कार्रवाई करते हुए संदीप कुमार, पिता रामदेव सिंह को हिरासत में लिया। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सीजीएल परीक्षा धांधली मामले में पूर्व में पकड़े गए आरोपितों और कथित बिचौलियों से पूछताछ के दौरान दोनों युवकों के नाम सामने आए थे।

इसके बाद एसआईटी ने इनके संभावित संपर्कों और गतिविधियों की जानकारी जुटाई और देर रात कार्रवाई की। इन्हें कोडरमा थाना लाया गया और फिर रांची ले जाया गया है। अब रांची में दोनों से कथित परीक्षा सिंडिकेट से संपर्क, प्रश्नपत्र के लेन-देन, परीक्षार्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने तथा संभावित आर्थिक लेन-देन को लेकर पूछताछ किए जाने की बात सामने आ रही है।

## हर माह चार जलापूर्ति योजनाओं की जांच का आदेश

### पेयजल स्वच्छता विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने बनाई टीम

विशेष संवाददाता

**दुमका।** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की गुणवत्ता, कार्यप्रगति और जमीनी स्थिति की नियमित निगरानी के लिए सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। विभागीय निर्देश के आलोक में जिले में हर माह चार योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक एवं तकनीकी पदाधिकारियों की संयुक्त जांच टीम गठित की जा रही है।

जांच के दौरान योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मिलान विभागीय अभिलेखों और स्वीकृत प्रावधानों से किया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से निर्धारित मैनुअल फॉर इंस्पेक्शन स्कीम

के अनुरूप जांच प्रक्रिया अपनाने का निर्देश है। जांच के बाद निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जांच अधिकारियों को दी गयी है।

जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग प्रखंडों में संचालित योजनाओं के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की टीम तय की गयी है। टीम में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक/कनीय अभियंता तथा अन्य तकनीकी पदाधिकारी शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान योजनाओं की भौतिक स्थिति के साथ-साथ तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की भी जांच की जाएगी।

जांच टीम को निर्धारित प्रारूप में निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त के स्तर से जांच पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर समेकित जांच प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

इस नियमित जांच व्यवस्था से जल जीवन मिशन की योजनाओं में काम की गुणवत्ता, ग्रामीणों को मिल रहे पेयजल की वास्तविक स्थिति तथा योजनाओं के संचालन में सामने आ रही कमियों की निगरानी हो सकेगी। अनियमितता या तकनीकी खामी मिलने पर संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी।

## अमित शाह से मिले सुदेश, कुडमी को एसटी का दर्जा देने का आग्रह



संवाददाता

**रांची ।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, कुड़मी को एसटी दर्जा देने का किया अनुरोध आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने का आग्रह किया। साथ ही झारखंड से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण और ज्वलंत विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक पहल के लिए ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान सुदेश ने जेपीएससी और जेएसएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और वित्तीय अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इन मामलों की सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार झारखंड की 39 परीक्षाएं जांच के दायरे में लाई गई हैं, जबकि 06 परीक्षाओं को राज्य सरकार की ओर से स्थगित किया गया है।

सुदेश ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय है। इसलिए इन मामलों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच जरूरी है।

सुदेश ने झारखंड के कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की लंबे समय से चली आ रही मांग पर भी केंद्रीय गृह मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और इसे पूरा करने का अनुरोध किया।

## दुमका : 'बेटे की जान खतरे में है' कहकर महिला से 10 लाख के जेवर ठगे

### 51 कदम चलने के नाम पर जेवर सहित बैग लेकर फरार हुए ठग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** शहर में शुक्रवार दोपहर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया। भागलपुर रोड निवासी ऊषा सिंघानिया को चार ठगों ने बेटे की जान को खतरा बताकर अपने झांसे में लिया और करीब 10 लाख रुपये के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए।

महिला होली चाइल्ड स्कूल के पास पोती को लाने के लिए खड़ी थीं। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार चार युवक पहुंचे। एक ने खुद को बाबा बताते हुए महिला से कहा कि उसके बेटे पर बड़ा संकट है। इसके बाद दूसरे साथी ने अनजान बनकर बाबा की कथित शक्ति और हनुमान जी के दर्शन होने की बात कहकर महिला का विश्वास जीत लिया।



ठगों ने पहले अपने ही साथी से दो हजार रुपये महिला के बैग में रखवाए और उसे 'नमो नारायण' का जाप करते हुए 51 कदम चलने को कहा। 51 कदम बाद रुपये सुरक्षित मिलने से महिला को ठगों की बात पर विश्वास हो गया।

इसके बाद ठगों के कहने पर महिला ने दोनों अंगूठियां, भारी सोने की चेन और चूड़ियां उतारकर बैग में रख दीं। बैग एक साथी को सौंपकर महिला को फिर 51 कदम चलने को कहा गया। महिला जब वापस लौटी तो ठग बैग सहित गायब था। बैग में करीब 10 लाख रुपये के जेवर और मोबाइल था।

घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया कि स्कूल की छुट्टी के समय घटना हुई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिले के सभी थानों को भी अलर्ट किया गया है।

## साहिबगंज : पति ने पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**साहिबगंज** – साहिबगंज जिले के रांगा थाना क्षेत्र के विशनपुर गांगू टोला गांव निवासी धोना किस्कू के द्वारा बिति रात अपनी पत्नी दुल्हन हेम्ब्रम की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है.मिली जानकारी के अनुसार अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद धोना किस्कू ने

अपनी पत्नी के शव को उसके मायके मृतका के चाचा के घर में फेंक कर फरार हो गया.इस संबंध में ग्राम प्रधान मृतका के चाचा ढेपांग हेम्ब्रम ने थाने में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रांगा थाना पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. ग्राम प्रधान ने बताया कि आठ सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे धोना किस्कू अपने ही घर के आंगन में अपनी पत्नी को बेरहमी से पीट रहा था.आवाज सुनकर वे और गांव के कई महिला-पुरुष बीच-बचाव के लिए पहुंचे लेकिन आरोपित ने मारपीट बंद नहीं की. पंचायती के अगले दिन फिर से पत्नी को पीटा

ग्रामीणों द्वारा कड़ा रुख अपनाने पर उसने मारपीट बंद की. तब तक दुल्हन हेम्ब्रम बेहोश हो चुकी थी. ग्रामीणों ने आरोपित पर निगरानी रखी और पंचायती कर पत्नी का इलाज कराने एवं भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो इसके निर्देश दिए परंतु अगले दिन नौ सितंबर को शाम चार बजे फिर से धोना ने अपनी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी. ग्राम प्रधान द्वारा मना करने पर वह अपनी पत्नी को घसीट कर अपने घर के अंदर ले गया और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया. देर रात तक वह पत्नी को पीटता रहा. पत्नी की चीख-पुकार सुन ग्रामीण दरवाजे के बाहर घेराबंदी कर दरवाजा खोलने को कहा लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला. कुछ देर बाद अंदर से आवाज आनी बंद हो गई.सुबह में दुल्हन हेम्ब्रम का शव मेरे आंगन में पड़ा हुआ था.

## अब आपकी जमीन का भी बनेगा आधार कार्ड जमीन का पूरा रिकॉर्ड किया जाएगा डिजिटल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सरकार ने सभी के जमीन का रिकॉर्ड रखने के लिए नई स्कीम की शुरुआत की है। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मोर्डनाइजेशन प्रोग्राम के तहत ग्रामीण से लेकर शहरी तक सभी जमीनों का रिकॉर्ड होगा। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मोर्डनाइजेशन प्रोग्राम के तीसरे फेस की पूरी गाइडलाइन जारी कर दी गई है। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मोर्डनाइजेशन प्रोग्राम 3.0 स्कीम के लिए 2026-31 के दौरान 565.5 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस स्कीम का उद्देश्य लैंड रिकॉर्ड, मैप, रजिस्ट्रेशन और संबंधित आंकड़ों को जीआईएस बेस?ड डिजिटल फ्रेमवर्क पर लाना है।

लॉन्च के दौरान केंद्रीय ग्रामीण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह स्कीम व्यक्तिगत रिकॉर्ड के डिजिटलीजेशन से आगे बढ़कर एक यूनिफाइड लैंड मैनेजमेंट सिस्टम की ओर लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों को संस्थागत लोन आसानी से प्राप्त करने में मदद मिलेगी और सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। चौहान ने कहा कि भूमि केवल मिट्टी का एक



टुकड़ा नहीं है। यह हमारे किसानों का गौरव है, हमारे पूर्वजों का आशीर्वाद है और आने वाली पीढ़ियों की पहचान है।

**जीआईएस-इनेबल्ड लैंड स्टैक**

लैंड स्टैक एक यूनिफाइड डिजिटल फ्रेमवर्क है जो जियो-रेफरेंस्ड कैडस्ट्रल मैप, अधिकारों का रिकॉर्ड, संपत्ति पंजीकरण और संबंधित अदालती मामलों जैसे भूमि से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को जीआईएस-आधारित डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से एक साथ लाएगा। यह भूमि से संबंधित अलग-अलग सिस्?टम को आपस में जोडने और इंटरऑपरेबल तरीके से एक्सेस करने में सक्षम बनाएगा। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मोर्डनाइजेशन प्रोग्राम 3.0 के तहत, हर राज्य एपीआई के माध्यम से भूमि संबंधी डेटासेट और सिस्टम को एकसाथ करके अपना खुद का लैंड स्टैक डेवलप कर सकेगा। ये राज्य-स्तरीय स्टैक एक नेशलन लैंड स्टैक का आधार बनेंगे, जिससे संबंधित अधिकारियों के पास डेटा और कंट्रोल होगा।

**यूनिवर्सल भू-आधार**

इस स्कीम के तहत देश के हर जमीन को 14-अंकों का एक यूनिक आइडेंटिफाई नंबर दिया जाएगा, ताकि संपत्तियों की स्पष्ट पहचान की जा सके और धोखाधड़ी को खत्म किया जा सके।

**रजिस्ट्रेशन सर्विस सेंटर में बदलाव**

पासपोर्ट सेवा सेंटर्स की तर्ज पर ज्यादा भीड़-भाड़ वाले 75 सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को डिजिटल और बेहतर सुविधाओं के साथ इसे सर्विस सेंटर्स के तौर पर आधुनिक बनाया जाएगा।

**पुराने रिकॉर्ड की स्कैनिंग**

विरासत के अधिकारों की सुरक्षा और पुश्तैनी जमीन से जुड़े विवादों को कम करने के लिए, जमीन और संपत्ति के पुराने रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से स्कैन करके डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जाएगा।

## जसीडीह बाईपास रेल लाइन को मिली हरी झंडी, सफर में बचेंगे 90 मिनट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत बहुप्रतीक्षित जसीडीह बाईपास रेल लाइन के चालू होने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी , पूर्वी सर्किल, गुरु प्रकाश ने 10 सितंबर 2026 को नव-निर्मित 4.905 किलोमीटर लंबी ब्रॉड गेज बाईपास लाइन का सघन निरीक्षण किया। जांच में सबकुछ दुरुस्त पाए जाने के बाद उन्होंने इस ट्रैक पर यात्री और मालगाड़ियों के परिचालन की औपचारिक मंजूरी दे दी है। अब इस ट्रैक पर अधिकतम 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें सरपट दौड़ सकेंगी।

---

**खत्म हुआ इंजन बदलने का झंझट, बचेगा बहुमूल्य समय**

इस नई बाईपास लाइन देवघर लिंक केबिन से कुमराबाद रोहिणी स्टेशन के बीच के शुरू होने से सबसे बड़ी राहत आसनसोल से दुमका, बांका और हरलाटांड़ की ओर जाने वाले यात्रियों और मालगाड़ियों को मिलेगी। अब तक जसीडीह जंक्शन पर इन ट्रेनों का इंजन



बदलना अनिवार्य था, जिसमें काफी समय बर्बाद होता था। इस बाईपास के बनने से इंजन बदलने की यह मजबूरी खत्म हो जाएगी, जिससे प्रति ट्रेन 35 से 45 मिनट और कुल परिचालन में 60 से 90 मिनट तक की भारी बचत होगी। इसके अलावा जसीडीह स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर 1 भी अन्य ट्रेनों के लिए खाली हो जाएगा और देवघर, कटोरिया, बांका होते हुए किऊल के लिए एक नया और सीधा रूट मिल जाएगा।

पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय के मार्गदर्शन और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मनोज खान के क्रियान्वयन में पूरा हुआ यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन नमूना है। करीब 340 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत (स्वीकृत बजट 293.67 करोड़) वाले इस प्रोजेक्ट के तहत कुमराबाद रोहिणी हॉल्ट को एक फुल ब्लॉक स्टेशन में अपग्रेड किया गया है। आसनसोल के डीआरएम संग्रह मौर्य की कड़ी निगरानी में यहां कई चुनौतियां पार की गईं। ट्रैक बिछाने के लिए करीब 1 लाख क्यूबिक मीटर कठोर चट्टानों को केमिकल तकनीक से तोड़ा गया और वैद्यनाथ धाम लाइन के ऊपर 15 से 20 मीटर ऊंची कंक्रीट रिटेनिंग वॉल के साथ-साथ एक बड़ा आरसीसी बॉक्स ब्रिज भी बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर झारखंड के हर घर में जलेंगे दीप, भाजपा चलाएगी सेवा अभियान



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्य भर में व्यापक सेवा अभियान चलाने की घोषणा की है। इस विशेष अवसर पर राज्य के हर घर के दरवाजे और मंदिरों में प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद के दीप जलाए जाएंगे।इसके साथ ही सांगठनिक मंडलों के गांवों को विशेष रूप से सजाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उत्सव और सेवा भाव के साथ आम जनता तक पहुंचाना है।

साहू भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा साझा की। इसके बाद 21 और 29 सितंबर से आंगन मिलन सेवा, वाराणसी सेवा यात्रा और सेतु अभियान की शुरुआत होगी। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में सेवा के रंग के तहत विभिन्न स्थानों पर रंगोलियां बनाई जाएंगी और कार्यकर्ताओं की ओर से पीएम मोदी के शासन के 25 साल पर 25 कहानियां लिखकर उनके सेवा कार्यों का वर्णन किया जाएगा।आदित्य साहू ने 2014 से पहले की देश की स्थिति को दयनीय बताते हुए कहा कि उस समय घोटालों का बोलबाला था और गरीब एवं किसान बुनियादी सुविधाओं के लिए तड़पते थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपनी सही नीति और नीयत से देश में विकास की एक मजबूत श्रृंखला खड़ी की है। गुजरात भूकंप के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में हो रहे चौतरफा विकास का उल्लेख करते हुए साहू ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों की जमकर सराहना की।प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री की निरंतर कार्यक्षमता को ईश्वर की असीम कृपा बताते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में वे एक दिन भी बीमार नहीं पड़े हैं और अनवरत काम कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह और मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किए बगैर विकास संभव नहीं : दीपिका



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को नाबार्ड की ओर से रांची में आयोजित ग्रामीण भारत महोत्सव क्लासिक एक्सपो 2026 के छठे संस्करण का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किए बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। ऐसे आयोजन ग्रामीण उत्पादों को बाजार और पहचान दिलाने के साथ उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।मौके पर उन्होंने एक्सपो में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर बुनकरों, कारीगरों और महिला समूहों की ओर से तैयार उत्पादों की जानकारी ली और उनका उत्साह बढ़ाया। एक्सपो में देशभर से आए बुनकरों और कारीगरों ने हैंडलूम, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का प्रदर्शन किया है।मंत्री ने कहा कि बायर्स-सेलर्स मीट के माध्यम से ग्रामीण उत्पादकों को बड़े बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिल रहा है।ग्रामीण विकास विभाग और जेएसएलपीएस के माध्यम से महिला समूहों को स्वरोजगार, प्रशिक्षण, बाजार और वित्तीय अवसरों से जोड़ने का कार्य जारी है। उन्होंने आसान ऋण और बेहतर बैंकिंग सुविधाओं पर भी जोर दिया।

## चाय दुकान में पिस्टल सटाकर 4500 रुपये छीनने का आरोप

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के लेटवावरण गांव निवासी नरेश यादव ने गांव के तीन नामजद समेत आठ अज्ञात लोगों पर पिस्टल सटाकर 4500 रुपये छीनने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना 8 सितंबर की शाम करीब पांच बजे टाटा शोरूम के सामने स्थित चाय दुकान में होने की बात कही गयी है। नरेश यादव ने मोहनपुर थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर बताया है कि वह चाय दुकान में बैठे थे। इसी दौरान गांव के अंग्रेज यादव उर्फ राजन, राजेश यादव और आठ अज्ञात लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि अंग्रेज यादव उर्फ राजन ने उनसे खाने-पीने के लिए 1000 रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये देने से इनकार करने पर सभी गाली-गलौज करने लगे। शिकायत के अनुसार, इसी दौरान संजय यादव भी वहां पहुंचा और सभी को नरेश यादव को जान से मारने के लिए कहा। आरोप है कि इसके बाद अंग्रेज यादव उर्फ राजन ने पिस्टल निकालकर नरेश यादव की कनपट्टी पर सटा दी और उनकी जेब से 4500 रुपये निकाल लिये।

## सिर कटा महिला का शव जंगल से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद ।** बलियापुर थाना क्षेत्र के ढांगी बस्ती स्थित मड़ई थान के आगे चटनियां पुल के समीप जंगल में शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला का सिर और धड़ अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही बलियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।बताया गया कि स्थानीय निवासी किशोर कुमार महतो शुक्रवार को शौच के लिए जंगल की ओर गया था। इसी दौरान उसकी नजर महिला के पैर पर पड़ी। संदेह होने पर उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों के पहुंचने पर महिला का शव पड़ा मिला। इसके बाद आशीष महतो ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि महिला का सिर प्लास्टिक के बोरे में मिला, जबकि धड़ जंगल में दूसरे स्थान पर पड़ा था।

## बैंककर्मियों की हड़ताल, धनबाद में 300 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**धनबाद ।** विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को धनबाद समेत पूरे झारखंड में बैंकिंग सेवाएं ठप रहीं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू के आह्वान पर बैंककर्मी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के साथ दो दिवसीय वार्ता विफल होने के बाद बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल का रास्ता अपनाया। धनबाद के हीरापुर, बैंक मोड़, पुलिस लाइन, सरायढेला और मटकुरिया समेत कई इलाकों में बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।हीरापुर स्थित इंडियन बैंक के अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि 5-डे बैंकिंग को लेकर करीब दो साल पहले सरकार के साथ समझौता हुआ था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बार-बार केवल मामला विचाराधीन होने का आश्वासन दिया जाता है। बैंक कर्मचारियों के मुताबिक धनबाद जिले में 200 से अधिक बैंक शाखाएं बंद रहने के कारण करीब 250 से 300 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है।बैंक संगठन सचिव राजीव कुमार रंजन ने कहा कि एलआईसी की तर्ज पर बैंकों में भी तत्काल 5-डे बैंकिंग लागू की जाए। इसके साथ ही पीएलआई यानी परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव में मौजूद विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई है।

# आर्थिक विकास का आकलन बजट के आकार से नहीं, सामाजिक प्रभाव से हो : वित्त मंत्री

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से अब तक झारखंड की आर्थिक यात्रा की समीक्षा जरूरी है। ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था के साथ विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों की स्थिति और भविष्य की दिशा पर भी विचार होना चाहिए।मंत्री शुक्रवार को प्रेस क्लब सभागार में सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र की ओर से 'झारखंड ~ समग्र विकास के लिए संसाधन' विषय पर आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे।कार्यक्रम में झारखंड की आर्थिक यात्रा, प्राकृतिक संसाधन, राजस्व क्षमता, केंद्र-राज्य वित्तीय संबंध और स्थानीय स्तर पर संसाधन जुटाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इसी दौरान 'झारखंड ~ संसाधन अभिवृद्धि की अनिवार्यता' स्मारिका का विमोचन भी किया गया।उन्होंने कहा कि राज्य का बजट शुरुआती वर्षों में करीब 6 हजार करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो अब काफी बढ़ चुका है। हालांकि आर्थिक विकास का मूल्यांकन केवल बजट के आकार से नहीं,



बल्कि उसके सामाजिक प्रभाव से किया जाना चाहिए. मानव विकास, शिक्षा और रोजगार को आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं से जोड़ना होगा।पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. महेश पोद्दार ने कहा कि झारखंड की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत उसकी खनिज संपदा है, लेकिन केवल खनन आधारित अर्थव्यवस्था से राज्य की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं किया जा सकता। खनिजों का स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन, तकनीकी क्षमता का विकास, बाजार विस्तार और रोजगार सृजन जरूरी है।उन्होंने डीएमएफ की राशि का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करने की जरूरत बताई। साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लिए जाने वाले कर्ज के साथ उसकी वापसी की क्षमता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। रेत समेत अन्य प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से राज्य की आय बढ़ाने की संभावनाओं का भी उन्होंने उल्लेख किया।अर्थशास्त्री डॉ. हरिश्वर दयाल ने कहा कि वित्तीय हस्तांतरण से झारखंड को लाभ मिला है, लेकिन राज्य की प्रति व्यक्ति आय अभी भी राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है। उन्होंने शिक्षा को राज्य के विकास की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल करने की जरूरत बताई।उन्होंने महिला सशक्तीकरण, वन आधारित अर्थव्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्रों की वित्तीय क्षमता मजबूत करने पर जोर दिया। स्थानीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने के साथ स्थानीय स्तर पर कर और गैर-कर राजस्व बढ़ाने की जरूरत बताई। व्यावसायिक संपत्तियों के सही मूल्यांकन और राजस्व संग्रह की व्यवस्था को मजबूत करने को भी उन्होंने जरूरी बताया।कार्यक्रम में विमोचित स्मारिका 'झारखंड~ संसाधन अभिवृद्धि की अनिवार्यता' में करीब 25 प्रमुख व्यक्तियों के लेख शामिल हैं। इनमें खनिज संपदा, प्राकृतिक संसाधन, राजस्व, वित्तीय प्रबंधन, स्थानीय निकाय, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मानव संसाधन, रोजगार और मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर विचार रखे गए हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल बोस ने किया। संस्था के सचिव अयोध्या नाथ मिश्रा ने विषय प्रवेश कराया और राज्य की अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक बहस की शुरुआत की। कार्यक्रम में डॉ. एचपी नारायण, प्रो. डॉ. चंद्रकांत शुक्ला, प्रो. शिव शंकर प्रसाद, शिव शंकर उरांव, अरुण कुमार मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट का फैसला : 4 साल की बेटी की अंतरिम कस्टडी मां को

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने करीब साढ़े चार साल की बच्ची की अंतरिम कस्टडी मां को सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नाबालिग की कस्टडी के मामले में माता-पिता के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण बच्चे का कल्याण और सर्वोत्तम हित है।कोर्ट ने पिता को बच्ची से सप्ताहांत में मिलने का अधिकार भी दिया है।हाईकोर्ट ने सुनीता कुमारी (बदला हुआ नाम) के मामले में फैसला सुनाया।कोर्ट ने हजारीबाग फैमिली कोर्ट के 27 नवंबर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मां की ओर से दायर अंतरिम कस्टडी की मांग को खारिज करते हुए केवल मुलाकात का अधिकार दिया गया था।मामले के अनुसार, सुनीता कुमारी (बदला हुआ नाम) और राजन कुमार (बदला हुआ नाम) दोनों एक विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। दोनों की शादी 16 मई 2017 को हुई थी।यह दोनों की दूसरी शादी थी।आईवीएफ प्रक्रिया के जरिए 8 मार्च 2022 को उनकी बेटी का जन्म हुआ।मां का आरोप था कि वैवाहिक विवाद के बाद पिता ने करीब दो साल तीन महीने की उम्र में बच्ची को अपने पास रख लिया और उसे मां से मिलने नहीं दिया।मां ने बच्ची की कस्टडी के लिए फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

दूसरी ओर, पिता ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि बच्ची जनवरी 2023 से उसके और उसके माता-पिता के साथ रह रही है और हजारीबाग के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ रही है।हाईकोर्ट ने कहा कि गार्डियंस एंड वार्ड्स एक्ट, 1890 की धारा 12 के तहत फैमिली कोर्ट को अंतरिम कस्टडी के संबंध में आदेश देने का अधिकार है।फैमिली कोर्ट को मां की अंतरिम कस्टडी की विशिष्ट मांग पर निर्णय करना चाहिए था, लेकिन उसने इस मुद्दे पर फैसला करने के बजाय केवल विजिटेशन राइट्स दे दिये।

## गुमला की लापता बच्ची मामले में मुख्य आरोपित की मनोवैज्ञानिक परीक्षण रिपोर्ट नहीं आई

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय में वर्ष 2018 से लापता गुमला की छह वर्षीय बच्ची से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई।इस दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि मामले की मु य आरोपित भूखली लकड़ा का रिनपास में मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन परीक्षण कराया जा चुका है। हालांकि, इसकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।सरकार की ओर से रिपोर्ट अदालत में दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। इस पर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा।पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया था कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों से मु य आरोपित का गुजरात के गांधीनगर में नार्को टेस्ट नहीं हो सका था। इसके बाद वहां आरोपित का सस्पेक्ट डिटेक्शन टेस्ट समेत दो पूरक परीक्षण कराए गए थे। इन परीक्षणों की रिपोर्ट भी अभी लंबित है।अब रिनपास में हुए मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन परीक्षण की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। अदालत ने सरकार को रिपोर्ट पेश करने के लिए समय दिया है।गुमला की छह वर्षीय बच्ची सितंबर, 2018 से लापता है। बच्ची की बरामदगी की मांग को लेकर उसकी मां चंद्रमुनि उराइन की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय में हेवियस कॉर्पस याचिका दायर की गई है। इसी याचिका पर उच्च न्यायालय लगातार सुनवाई कर रहा है।

## ड्रॉप आउट स्कूली बच्चों का सर्वे

**मंडरो ।** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय वन प्रवासी भगैया में सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, वार्डन एवं प्रधान मौलवी की बैठक शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घाटी की अध्यक्षता में हुई .जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का सर्वे को डहर ऐप के माध्यम से 12 अगस्त तक वेरीफाई होगी । शत प्रतिशत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी के माध्यम से बनाने, सभी बच्चों का अपार बनाने, अपलोड करने शेष 5 विद्यालयों को पुस्तक वितरण संबंधी रिपोर्ट ई-विद्या वाहिनी के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया.

## माकपा 15 सितंबर को दुमका में सीएम के नाम सौंपेगी मांग पत्र, जनमुद्दों पर होगा प्रदर्शन

**दुमका।** केंद्र की नीतियों और राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। जनता के ज्वलंत सवालों और अधिकारों को लेकर माकपा की ओर से आगामी 15 सितंबर को दुमका जिला मुख्यालय पुराने समाहरणालय के समक्ष एक विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा जाएगा।माकपा के दुमका प्रभारी जिला सचिव देवी सिंह पहाड़िया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

## विस के चालक के निधन पर श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में चालक के पद पर कार्यरत सुरेश साव का शुक्रवार को असामयिक निधन हो गया। सुरेश साव का पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए विधानसभा लाया गया।मौके पर विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार ने शोक सभा में बताया कि सुरेश साव ग्राम-जमुने, रजावाडीह, डालटनगंज के रहनेवाले थे। उन्होंने 28 जुलाई 2004 को झारखंड विधानसभा में चालक के पद पर योगदान दिया था।शोकसभा में पढ़े गए संदेश को प्रभारी सचिव की ओर से उनके परिजनों को प्रेषित करने का भी निर्देश दिया गया।

## हाईकोर्ट ने खत्म किया सहायक शिक्षक नियुक्ति अवमानना मामला

संताल एक्सप्रेस



**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षक नियुक्ति से जुड़े प्रदुमन कुमार साहू एवं अन्य की अवमानना मामले में राज्य के अधिकारियों के खिलाफ चल रही कार्यवाही समाप्त कर दी।अदालत ने कहा कि 17 अक्टूबर 2023 के आदेश के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं के दावों पर दोबारा विचार किया गया है। पुनर्विचार के बाद संबंधित श्रेणियों में अंतिम चयनित अ यर्थियों से कम अंक होने के कारण उनकी नियुक्ति का दावा खारिज किया गया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई।राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के 17 अक्टूबर 2023 के आदेश के आलोक में सभी याचिकाकर्ताओं के मामलों पर पुनर्विचार किया गया।जांच में पाया गया कि याचिकाकर्ताओं के अंक संबंधित श्रेणियों में अंतिम रूप से चयनित अ यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों से कम हैं।इसलिए सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति की उनकी मांग को अस्वीकार कर दिया गया है।अदालत ने राज्य के इस पक्ष को देखते हुए कहा कि अब मामले में आगे अवमानना की कार्यवाही चलाने की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही प्रतिवादी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही को ड्रॉप करते हुए केस को निष्पादित कर दिया।हालांकि, हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए कहा कि वे अपने खिलाफ पारित पुनर्विचार आदेशों को कानून के तहत उपलब्ध उचित माध्यम से चुनौती देने के लिए स्वतंत्र हैं।

## झारखंड में छह स्थानों पर रेडिएशन सेंटर विकसित होंगे



**रांची।** झारखंड में कैंसर मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार छह स्थानों पर रेडिएशन सेंटर विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। रांची सहित राज्य के पांचों मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मॉडल पर कैंसर डे-केयर और रेडिएशन सेंटर शुरू करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।इस संबंध में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में जिला अस्पतालों में कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी उपलब्ध कराने, संसाधनों, मशीनों और मानवबल की समीक्षा की गई। अधिकारियों को ऐसा प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया, जिससे मरीजों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़े। रेडिएशन के लिए आधुनिक लीनैक मशीन के साथ विशेषज्ञ, तकनीशियन और रेडियो फिजिसिस्ट की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।रेडियो फिजिसिस्ट की कमी को बड़ी चुनौती बताया गया। प्रस्तावित केंद्रों में जमशेदपुर, धनबाद और दुमका को एक समूह एवं रांची, हजारीबाग और पलामू को दूसरे समूह में रखने पर विचार हुआ। रिम्स में केंद्रीकृत निगरानी के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेंटर और रांची, जमशेदपुर एवं धनबाद में पैट स्कैन सुविधा विस्तार की संभावनाओं की भी समीक्षा हुई। योजना की निगरानी के लिए विभागीय समिति गठित करने की तैयारी है।बैठक में विशेष सचिव डॉ नेहा अरोड़ा, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक शशि प्रकाश सिंह, रिम्स, एसएनएमएमसीएच, सदर अस्पताल और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के महानिदेशक ने बासुकीनाथ में पूजा-अर्चना की



**जरमुंडी।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के महानिदेशक एवं विशेष सचिव विनय कुमार राजावत ने शुक्रवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा-अर्चना की।इस क्रम में बासुकीनाथ मंदिर में उनके तीर्थ पुरोहित मुकेश झा एवं उनके सहयोगी पं नीरू झा, विवेक कुमार सहित अन्य ने वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक उन्हें पूजा अर्चना के लिए सविधि संकल्प कराई और बाबा नागेश बासुकीनाथ का जलाभिषेक, पूजन और आरती कराई।इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, एनएचएआई के पदाधिकारी, मंदिर कर्मी रविन्द्र मोदी, गौतम राव, उदय मंडल, कपिल पंडा, नंदकिशोर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## एसकेएमयू: बीसीए सेमेस्टर-3 में 98.06 फीसद व बीबीए में 97.87 प्रतिशत विद्यार्थी पास

**दुमका।** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-3 परीक्षा 2025 तथा बीलिस सेमेस्टर-2 परीक्षा 2026 के परिणाम आधिकारिक तौर पर जारी किए गए हैं। इस बार के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है।परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, बीसीए सेमेस्टर-3 की परीक्षा में सबसे बेहतरीन परिणाम रहा।

## मध्य प्रदेश में कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण बच्चों की मौत पीड़ादायक : इरफान



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मध्य प्रदेश में आदिवासी बच्चों की हो रही मौतों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि बच्चे किसी एक राज्य के नहीं, बल्कि पूरे देश के हैं। जरूरत पड़ी तो वे स्वयं मध्य प्रदेश जाकर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेंगे और जरूरतमंद बच्चों की मदद करेंगे।अंसारी ने कहा कि गंदे पानी, मलेरिया और कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण किसी बच्चे की मौत बेहद पीड़ादायक है। सरकार की पहली जिम्मेदारी लोगों की जान बचाना है, राजनीति करना नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और आदिवासी परिवारों को बेहतर इलाज, दवा और शिक्षा उपलब्ध कराने के बजाय उनके दर्द की अनदेखी की जा रही है।स्वास्थ्य मंत्री ने मध्य प्रदेश सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, मृतक बच्चों के परिवारों को उचित मुआवजा, स्वच्छ पेयजल, मलेरिया नियंत्रण और स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल मजबूत करने की मांग की।

## कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से एसआईआर की अवधि एक माह बढ़ाने का किया आग्रह



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अनुपस्थिति में शुक्रवार को एडिशनल चुनाव अधिकारी सुबोध कुमार को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अवधि एक माह बढ़ाने का आग्रह किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उपाध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता, सतीश पाल मुंजनी, महासचिव लालकिशोर नाथ शाहदेव और सूर्यकांत शुक्ला और संजय कुमार ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद जितने नोटिस जारी किए जाने थे, उनकी तुलना में अब तक हुई सुनवाई की संख्या बेहद कम है।उदाहरण के लिए, धनबाद जिले में कुल 4,45,901 नोटिस जारी किए जाने थे, लेकिन ताज़ा आंकड़ों के अनुसार केवल 36,381 मामलों की ही सुनवाई पूरी हो सकी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के आग्रह पर 15 अगस्त को ग्राम सभाओं में ड्राफ्ट रोल पढ़कर सुनाया गया था, इसके लिए पार्टी ने आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। पार्टी नेताओं ने इस प्रक्रिया को एक बार फिर से दोहराने की मांग की,

## वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक, कई कार्यक्रमों की घोषणा




**रांची ।** आज रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक आयोजित की गयी. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. यह बैठक 30-31 अक्टूबर को कांके में होने वाले तृतीय महाधिवेशन की तैयारी की समीक्षा, जिला समितियों का गठन एवं सदस्यता अभियान के मुद्दे को लेकर रखी गयी थी. सर्वप्रथम केंद्रीय तैयारी समिति के संयोजक हीरानाथ साहु ने महाधिवेशन की तैयारी के संबंध में अपनी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी.बैठक में काफी विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह के जयंती पर सभी प्रखंडों एवं प्रमुख क्षेत्रों में बैठक का आयोजन किया जायेगा और महाधिवेशन की मुक्कमल तैयारी का संकल्प लिया जायेगा. इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर साहु, लक्ष्मण साहु, परशुराम प्रसाद, उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव चतुर साहु, संगठन महासचिव जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु,पोद्दार, रुद्र प्रताप साहु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## एसवीयू का अंडर-19 शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की अंडर-19 बालक शतरंज टीम ने सीबीएसई ईस्ट जोन शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, वाराणसी में आयोजित की गई।टीम में आदित्य तन्मय शर्मा, यश रंजन, शुभ अनुभव कुजूर और आरव शरण शामिल थे। युवा खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक समझ, एकाग्रता, धैर्य और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता के सभी पाँच राउंड में निरंतर शानदार प्रदर्शन किया और अंतिम टीम रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया।इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ टीम ने सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14 से 18 अक्टूबर 2026 तक जालंधर में आयोजित की जाएगी।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

## सौर ऊर्जा के नाम पर उपभोक्ताओं से लूट बंद करे मोदी सरकार : सीपीएम

**रांची ।**झारखंड में रूफटॉप सोलर योजना के क्रियान्वयन और सब्सिडी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मोदी सरकार स्वदेशी के नाम पर जिस सब्सिडी को आम उपभोक्ताओं के लिए सौर ऊर्जा को सस्ता बनाने के उपाय के रूप में प्रचारित करती है, व्यवहार में उसका पूरा आर्थिक लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँच रहा है।उपभोक्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट अधिकृत/सूचीबद्ध वेंडर के माध्यम से लगवाने पर लगभग 2.10 से 2.20 लाख तक की लागत बताई जा रही है। इसके बाद लगभग 78,000 की सब्सिडी मिलने पर उपभोक्ता की प्रभावी लागत करीब 1.40 लाख रह जाती है।इसके विपरीत, उपभोक्ताओं का दावा है कि समान क्षमता का सोलर सिस्टम खुले बाजार में लगभग 1.20 लाख से भी कम कीमत पर उपलब्ध और स्थापित कराया जा सकता है। उपभोक्ता के सौर ऊर्जा की कीमत को या सोलर प्लांट बनाने वाली कंपनियों?ऐसी व्यवस्था वास्तविक प्रतिस्पर्धा को सीमित कर सकती है और उपभोक्ता को चुनिंदा सूचीबद्ध वेंडरों पर निर्भर बना सकती है।यदि सरकार 78,000 की सहायता को पारदर्शी तरीके से उपभोक्ता-केंद्रित बनाए तथा तकनीकी मानकों को पूरा करने वाले खुले बाजार के प्रतिस्पर्धी विक्रेताओं से खरीद की अनुमति दे।यह खबर प्रकाश विप्लव राज्य सचीव सीपीआई(एम)के माध्यम से दी गई है ।हम मोदी सरकार से मांग करते हैं कि पूरे मामले की तत्काल समीक्षा कराई जाए ।

# बैंककर्मियों का आंदोलन तेज तीन दिन फिर बंद रहेंगे बैंक




**जामताड़ा।** विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के बैंककर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इस दौरान एसबीआई की मुख्य शाखा, गांधी चौक के समक्ष बैंककर्मियों ने प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। आंदोलन का नेतृत्व सौरभ कुमार राय ने किया।प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, एकतरफा एवं भेदभावपूर्ण पीएलआइ योजना को वापस लेने अथवा उसके क्रियान्वयन पर रोक लगाने तथा यूनियनों के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर आवश्यक संशोधन की मांग की। लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की भी मांग उठाई गई।बैंक यूनियनों ने आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की घोषणा की है। इसके तहत 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल होगी। वहीं मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी गई है। बैंककर्मियों ने कहा कि जरूरत पड़ी तो बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।प्रदर्शन में प्रदीप चौधरी, धीरज क्रांति, दोलन दास, संजीत कुमार, नंदकिशोर बास्की, अमित कुमार दास, उमा कुमारी, कुंदन कुमार, विजय दास, चंचल प्रकाश, चंद्र राय, अमित राय और नेहा प्रकाश समेत बड़ी संख्या में बैंककर्मी शामिल हुए।

# गोड्डा के दो इंडोर स्टेडियमों के जीर्णोद्धार के लिए 75.21 लाख की स्वीकृति मिली



**गोड्डा।** जिले के खेल जगत और खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात मिली है। पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की पहल के बाद गोड्डा के गांधी मैदान स्थित इंडोर स्टेडियम और महिला महाविद्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के लिए झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग ने कुल 75,21,700 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।गांधी मैदान स्थित इंडोर स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 40,19,300 लाख और महिला महाविद्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम के लिए 35,02,400 लाख स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत राशि से दोनों स्टेडियमों की फ्लोरिंग, छत, लाइटिंग, पेंटिंग सहित खिलाड़ियों के अभ्यास से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।

# तेज रफ्तार लहरिया कट बाइकर्स से आम जनों को हो रही परेशानी

**गोड्डा।** पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद इन दिनों शहर की मुख्य सड़कों, बायपास और गली मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइकर्स का लहरीया कट लगातार जारी है। जिससे आमजनों में हमेशा ही सड़क दुर्घटना के साथ साथ छिनतई का भय बना रहता है। चाहे कितने ही जरूरी काम क्यों ना हो लोग घरों से डर डर कर और बहुत संभल कर निकलते हैं। क्योंकि लगभग हर दिन किसी न किसी मोड़ और चौक चौराहे पर कोई न कोई इन बेपरवाह, असमाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति जैसे लोगों का शिकार हो ही जाते हैं। ऐसे में कभी किसी का पैर हाथ टूटता है, कभी किसी का सर फूटता है, कोई आभूषण या पैसे की छिनतई का शिकार हो जाते हैं तो कोई जान गवां बैठता है। इतना ही नहीं में बाइकर्स द्वारा साइलेंसर से तेज पटाखे की आवाज के निकाल कर आसपास के लोगों को विचलित कर देता है। आवाज इतनी तेज होती है कि सड़क किनारे छोड़िए अंदर गली में रहने वाले लोग भी परेशान हो जाते हैं।

# गणेश महोत्सव की तैयारी तेज पहली बार बनेगा सेंट्रल एसी पंडाल



**जामताड़ा।** 23वें गणेश महोत्सव को लेकर गांधी मैदान में गणेश पूजा आयोजन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मुक्तराम दत्ता ने की। बैठक में पूजा को भव्य और आकर्षक बनाने के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने पर विस्तार से चर्चा हुई।समिति के सदस्यों ने बताया कि जामताड़ा के इतिहास में पहली बार गणेश पूजा के लिए पूरी तरह वातानुकूलित पंडाल तैयार कराया जा रहा है। इसके लिए बंगाल से सेंट्रलाइज्ड एसी मंगाया जा रहा है, जिससे पंडाल में दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिलेगी।महोत्सव के दौरान 20 सितंबर को गांधी मैदान में मेगा रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

# तालाब में मिली अधेड़ की लाश

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के कोरीडीह वन पंचायत अंतर्गत मोहड़ार तालाब में शुक्रवार सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जहारुद्दीन अंसारी उर्फ डुलिया के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, जहारुद्दीन गुरुवार रात करीब नौ बजे मछली पकड़ने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे। शुक्रवार सुबह तालाब पहुंचे ग्रामीणों ने पानी में शव उपलाते देखा, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों ने तत्काल नारायणपुर पुलिस को सूचना दी। पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाला और कब्जे में ले लिया।

# हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग संपन्न



**गोड्डा।** हज 2027 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल गोड्डा में मेडिकल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। स्क्रीनिंग सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. तारा शंकर झा एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हाजी इकरारूल हसन आलम की निगरानी में संपन्न हुई।हज कमेटी ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के अनुसार हज यात्रियों की आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डॉ. जुनैद (वैक्सीन प्रभारी), गोड्डा शहरी के श्री जयशंकर तथा लैब प्रभारी चंदन कुमार के द्वारा विभिन्न जांचें कराई गईं। जांच के बाद पात्र यात्रियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# सुदिव्य सोनू के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** झारखंड सरकार के पूर्व नगर विकास मंत्री तथा गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर नाला स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ने की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू के चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर प्रखंड सचिव सह 44 परगना टू वासुदेव हांसदा, बीस सूत्री सदस्य भवसिंधु लायेक, दयामय घोष, कृष्ण टुडू, महेश्वर मरांडी, तपन कुमार झा, बापी राय मड़ालो, तपन राउत, शेख मुश्ताक, दिनु दास, सानंद माजी, दीपक मंडल सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यह केवल छात्रों का मुद्दा नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार की लड़ाई : बाबूलाल मरांडी

## जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में पारदर्शिता की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जेपीएससी और जेएसएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितता और घोटाले के आरोपों को लेकर शुक्रवार को भाजपा ने गोड्डा में प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रौतारा चौक से पुराने समाहरणालय तक मार्च निकाला। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ी कथित गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने तथा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की। मार्च के बाद कार्यकर्ता पुराने समाहरणालय पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय और शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर दर्ज कथित फर्जी एफआईआर के खिलाफ भाजपा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर गोड्डा में डीसी-एसपी कार्यालय का घेराव किया गया है। उन्होंने इसे केवल छात्रों का मुद्दा नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार की लड़ाई बताया।मरांडी ने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर छात्रों का भरोसा कायम रह सके। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग भी दोहराई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# जेएसएससी-जेपीएससी नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप,सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा ने डीसी-एसपी कार्यालय घेरा




संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** झारखंड के छात्रों के समर्थन और जेएसएससी-जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया में कथित घोटाले की सीबीआई जांच तथा आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और छात्रों ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। इसके बाद उपायुक्त को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने आरोप लगाया कि नियुक्ति परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच और छात्रों पर दर्ज मुकदमों की वापसी होनी चाहिए, अन्यथा भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने सरकार पर युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री सत्यानंद झा बाटूल ने कहा कि सरकार विरोध की आवाज दबाने में लगी है। भाजपा नेता माधव चंद्र महतो और नगर पंचायत चेयरपर्सन आशा गुप्ता ने भी सरकार पर छात्रों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कमलेश मंडल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अभय सिंह ने दिया। मौके पर हरिमोहन मिश्रा, संतन मिश्रा, तरुण गुप्ता, मोहन शर्मा, सुकुमार सरखेल, सुजाता सिंह, दिलीप हेंब्रम, आभा आर्या, संजू देवी, कृष्णा महतो, अबीता हांसदा, विष्णु मंडल, महेंद्र मंडल, राजेंद्र राउत, प्रदीप राउत, रंजीत तिवारी, प्रिया दत्त, मनोज गोस्वामी, प्रवीण मिश्रा, अमित सिंह और अजय मंडल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैशबैक और क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, पांच आरोपी गिरफ्तार



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** साइबर अपराध के खिलाफ जामताड़ा पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच कथित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। साइबर अपराध थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में टीम ने नारायणपुर के मुचियाडीह गांव में क्रेशर के पीछे जोरिया के पास पलास झुरमुट में छापेमारी कर तीन आरोपियों को पकड़ा। वहीं करमाटांड़ के मठ्ठांड़ गांव स्थित तालाब के समीप आम बागान से दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तसलीम अंसारी, मनाजीर अंसारी, अब्दुल लतीफ, उसमान गनी और जितेन्द्र मंडल के रूप में हुई है।पुलिस जांच में ठगी के दो तरीके सामने आए। आरोपी फोन-पे पर 999 रुपये कैशबैक का झांसा देकर फर्जी एप के जरिए रकम हड़पने का प्रयास करते थे। वहीं एसबीआई सहित अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड बंद होने या नया कार्ड जारी कराने का झांसा देकर मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड करवाते और गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी करते थे। मामले में साइबर अपराध थाना कांड संख्या 58/26 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला है। जनवरी से 11 सितंबर 2026 तक पुलिस ने 122 साइबर आरोपियों को गिरफ्तार कर 304 मोबाइल, 370 सिम, 22 एटीएम कार्ड, तीन लैपटॉप और 14.07 लाख रुपये नकद समेत अन्य सामान बरामद किया है।

# बैंक बंद देख निराश लौटे ग्राहक




**महागामा।** बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल का असर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में भी देखने को मिला। हनवारा समेत विभिन्न बैंक शाखाओं में कामकाज ठप रहने से ग्राहक परेशान रहे। कई लोग जरूरी बैंकिंग कार्य कराने शाखा पहुंचे, लेकिन बैंक का मुख्य द्वार बंद मिला। इसके बाद उन्हें बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा।हड़ताल के कारण जमा-निकासी, चेक जमा करने सहित शाखा स्तर के कई जरूरी कार्य प्रभावित रहे। खासकर ग्रामीण इलाकों से बैंक पहुंचे लोगों को अधिक परेशानी हुई। कई ग्राहक दूर-दराज के गांवों से बैंक पहुंचे थे और उन्हें हड़ताल की जानकारी शाखा पहुंचने के बाद हुई।बैंकिंग सेवाएं बंद रहने का असर स्थानीय कारोबार पर भी पड़ा। छोटे व्यापारियों और कारोबारियों को नकद निकासी, भुगतान और अन्य बैंकिंग कार्यों में परेशानी हुई। जिन लोगों को शुक्रवार को बैंक से जुड़े जरूरी काम पूरे करने थे, उन्हें अब अगले कार्यदिवस का इंतजार करना पड़ेगा।हालांकि एटीएम, यूपीआई और मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं कई जगह उपलब्ध रहीं, लेकिन शाखा में जाकर किए जाने वाले कार्य पूरी तरह प्रभावित रहे। इससे ऐसे ग्राहकों की परेशानी बढ़ गई, जिन्हें शाखा स्तर पर ही अपना काम कराना था।बैंक यूनियनों की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया था।

# बारिश में प्लस टू हाईस्कूल हनवारा पहुंचना कठिन



**महागामा।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, हनवारा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इन दिनों स्कूल पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। बारिश के बाद विद्यालय तक जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा हो गया है। बदहाल रास्ते के कारण विद्यार्थियों को रोज परेशानी उठाकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।विद्यालय आने और छुट्टी के बाद घर लौटने के दौरान छात्रों को कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। कई स्थानों पर स्थिति ऐसी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। साइकिल से आने वाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर होने के बावजूद रास्ते की मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होना जिम्मेदार व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

# गोड्डा में एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान



**गोड्डा ।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के तत्वावधान में इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन-2026 के तहत शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 21 कदवा टोला एवं वार्ड संख्या 09 गांधी नगर में एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं एवं आमजनों को एचआईवी/एड्स के कारण, संक्रमण के माध्यम, बचाव के उपाय, जांच एवं उपचार की जानकारी दी गई।हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर बेबी कुमारी ने बताया कि एचआईवी असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त तथा संक्रमित सुई या सिरिंज के इस्तेमाल से फैल सकता है। अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने, जरूरत पड़ने पर निर्धारित जांच कराने तथा किसी भी आशंका की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सकीय सलाह लेने की जानकारी दी गई। मौके पर यूसीएफ प्रह्लाद कुमार, सहिया साथी ललिता सोरेन, सहिया कंचन देवी, पूनम कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# एसआईआर को लेकर शिविर में चार बूथों के दावे-आपत्तियों की सुनवाई



**मेहरमा।** एसआईआर को लेकर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें मेहरमा और सिंघाड़ी पंचायत के बूथ संख्या 10,11,12 और 13 से संबंधित मतदाताओं के दावे-आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस दौरान मतदाताओं की पहचान और पात्रता से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। शिविर में अधिकारियों ने प्राप्त दावा-आपत्तियों पर संबंधित मतदाताओं की मौजूदगी में सुनवाई की। आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनकी जांच की गई। योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने तथा अयोग्य नामों को हटाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी साहब लाल हांसदा, अजीत सिंह सहित एसआईआर कार्य से जुड़े पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। बीडीओ अभिनव कुमार ने कहा कि जिन मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस प्राप्त हुआ है, वे नोटिस में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निर्धारित तिथि व स्थान पर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि सूचीबद्ध 12 दस्तावेजों में से कोई एक मान्य दस्तावेज प्रस्तुत कर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या अधिकृत पदाधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा जा सकता है। बीडीओ ने सभी संबंधित मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की।

# डीसी ने किसानों की योजनाओं से लेकर जनगणना और छात्रवृत्ति तक पर कसी नकेल



**जामताड़ा।** जिले में विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की लगातार समीक्षा बैठकें हुईं। कृषि, भूमि संरक्षण, पीएम-कुसुम, जन्म-मृत्यु निबंधन और जनगणना 2027 के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता, समयबद्धता और पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।कृषि विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि जरूरतमंद और अहर्ताधारी किसानों को योजनाओं में प्राथमिकता मिले। बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक उपलब्धता, उद्यान तथा भूमि संरक्षण की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। खाद की कालाबाजारी और अधिक कीमत पर बिक्री की शिकायतों पर उन्होंने सख्त कार्रवाई तथा दोषी दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त करने का निर्देश दिया।पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराने के लिए प्राप्त आवेदनों की भी जांच हुई। प्रखंड स्तर से अनुशंसा और रैंडम जांच के बाद आवेदन पुनः उपलब्ध कराने को कहा गया। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर भी जोर दिया गया।जन्म-मृत्यु निबंधन की बैठक में प्रत्येक घटना का शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुराने प्रमाणपत्रों के डिजिटलीकरण और सीआरएस पोर्टल की गोपनीयता बनाए रखने को भी कहा गया।

# गोड्डा में कचरे के डिब्बे में मिली नवजात बच्ची, समय रहते बची जान



**गोड्डा।** सरकंडा स्थित दुर्गा मंदिर के सामने कचरे के डिब्बे में शुक्रवार की सुबह कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची मिलने से इलाके में सनसनी का माहौल उत्पन्न हो गया। वहीं कचरा फेंकने गई एक स्थानीय महिला की नजर लिपटे कपड़े पर पड़ी, जिसमें उसे हरकत महसूस हुई, जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया। समय रहते बच्ची के मिलने से उसकी जान बच सकी, क्योंकि तब तक किसी जानवर की नजर बच्ची पर नहीं पड़ी थी।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। नवजात को कचरे में फेंके जाने की घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई और बच्ची को वहां छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस क्षेत्र में नवजात बच्ची मिली है, उसके आसपास बड़ी संख्या में छात्रावास और किराये के कमरे संचालित होते हैं। ऐसे में लोगों ने पुलिस और प्रशासन से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने तथा संदिग्ध स्थानों और छात्रावासों की जांच कराने की मांग की है, ताकि बच्ची को वहां छोड़ने वाले व्यक्ति का पता लगाया जा सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। पुलिस की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बच्ची को किसने और किन परिस्थितियों में वहां छोड़ा था। लोगों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**गोद लेने के लिए अपनानी होगी कानूनी प्रक्रिया**

नवजात बच्ची के मिलने की खबर के बाद कुछ लोगों ने उसे गोद लेने की इच्छा भी जताई है। हालांकि, किसी परित्यक्त बच्चे को सीधे गोद नहीं लिया जा सकता। नियमानुसार पहले पुलिस और बाल कल्याण समिति की ओर से बच्चे के परिजनों की तलाश तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बाद ही बच्चे को दत्तक ग्रहण के लिए स्वतंत्र घोषित किया जा सकता है। इच्छुक दत्तक अभिभावकों को भारत सरकार के सीएआरए पोर्टल पर पंजीकरण कराना होता है। दस्तावेजों के सत्यापन और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही नियमानुसार बच्चा गोद दिया जाता है। इच्छुक लोग इस संबंध में जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क कर सकते हैं।

# गोड्डा में कोढ़ा गैंग की एंट्री की सूचना, पुलिस अलर्ट



**पोड़ैयाहाट।** जिले में कटिहार के कोढ़ा गैंग के प्रवेश की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। बाजार, हाट, बैंक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी बढ़ाने के साथ आम लोगों और दुकानदारों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरोह के सदस्य ग्राहक बनकर दुकानों में प्रवेश करते हैं और दुकानदार को बातचीत में उलझाकर मौका मिलते ही गल्ले से नगदी और कीमती सामान लेकर फरार हो जाते हैं। बैंक से बड़ी रकम निकालने वाले लोगों को भी गिरोह निशाना बना सकता है।

**दुकानदारों को भी सतर्क रहने की सलाह**

पुलिस ने दुकानदारों को अज्ञात लोगों पर नजर रखने, सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और दुकान में बड़ी मात्रा में नगदी खुले में नहीं रखने की सलाह दी है। एक साथ कई ग्राहकों के आने पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

**बैंकों को भेजा गया अलर्ट**

सभी बैंकों को भी सुरक्षा गार्डों को मुस्तैद रखने और सीसीटीवी की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। बैंक परिसर में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय थाना को देने को कहा गया है।

# गोड्डा में दिनदहाड़े 50 हजार की छिनतई



**गोड्डा।** झपट्टामार गिरोह के एक बार फिर इस जिला में सक्रिय होने का संकेत मिल रहा है। गुरुवार को दिनदहाड़े इस गिरोह ने 50000 रुपए की छिनतई घटना को अंजाम दिया। पीड़ित बैंक से पैसा निकालकर अपने घर जा रहा था।मिली जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय के रामनगर फोरलेन के पास बाइक पर सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये झपट्टा मारकर छीन लिया। पीड़ित गौतम कुमार यादव ने इसकी सूचना नगर पुलिस को दी। रामनगर मोहल्ला का गौतम यादव अपने पिता मुनेश्वर यादव के साथ भागलपुर रोड के पेट्रोल पंप के पास एक बैंक शाखा से 50 हजार रुपये निकासी कर टोटो से अपने पिता के साथ रामनगर अपने आवास जा रहा था। आवास के कुछ दूरी पर जैसे ही गौतम यादव अपने पिता के साथ टोटो से उतरा, बाइक पर सवार अपराधियों ने गौतम के हाथ से पैसा भरा थैला झपट्टा मारकर छीन लिया और फोरलेन की ओर भाग गये।

# एनजीटी लागू के बावजूद अवैध रूप से चल रहे बालू, माफिया पर हो कानूनी कार्रवाई



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** खान खनिज अधिनियम कानून 2026 को अभिलंब रद्द करने, एनजीटी लागू के बाबजूद नाला विधानसभा क्षेत्र से अवैध रूप से चल रहे बालू माफिया पर कार्रवाई करने हेतु शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद जामताड़ा के नेतृत्व में कुंडहित बाजार में एक विशाल रैली सह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद 10 सूत्री मांग पत्र महामहिम राज्यपाल महोदय झारखंड रांची के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौपा गया। मौके पर विमल कांति घोष, लक्खी माल पहाड़िया ,सरोदी बास्की , ऑफिसर माल सहित सौकड़ो महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता अवस्थित थे।

**क्या है मांग पत्र-**

खान खनिज अधिनियम कानून 2026 को रद्द करने, एनजीटी लागू के बावजूद जामताड़ा जिले के अंदर नाला विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से चलने बालू पर रोक लगाते हुए बालू माफिया पर कानूनी कार्रवाई करने, गैर मजबूर जमीन ऑनलाइन कर किसानों को रसीद देने, राशन कार्ड अनाज भुगतान में जाति प्रमाण पत्र का बाध्यता खत्म करने, वृद्धा , विधवा,विकलांग पेंशनधारी को प्रतिमाह 3000 हजार करने जेपीएससी जेएसएससी सहित तमाम प्रतियोगिता परीक्षा धाधली पर जांच पूरा करें ।

## झारखंड को चाहिए एक फुलटाइम शिक्षा मंत्री

पिछले 3.5 साल में झारखंड ने तीन शिक्षा मंत्रियों को खोया है। जगरनाथ महतो, रामदास सोरेन और सुदिव्य सोनू। तीनों झामुमो के, तीनों जुझारू, तीनों पद पर रहते चले गए। आज सितंबर 2026 में स्थिति ये है कि झारखंड के पास न स्कूली शिक्षा मंत्री है, न उच्च शिक्षा मंत्री का स्थायी प्रभार। फाइलें मुख्यमंत्री के पास हैं, पर मुख्यमंत्री के पास समय नहीं है। स्कूलों में शिक्षक नहीं, कॉलेजों में प्रोफेसर नहीं। जेपीएससी जेएससीए की परीक्षाएं नहीं हो रही और छात्र सड़क पर हैं। झारखंड में 35,000 सरकारी स्कूल हैं। 50 लाख छात्र पढ़ते हैं। 2024-25 में 12,000 शिक्षक रिटायर हुए, नई नियुक्ति शून्य है। एक-एक शिक्षक 3-3 क्लास पढ़ा रहा है। बिना मंत्री के किसी भी नियुक्ति की फाइल आगे नहीं बढ़ती। राज्य में 12 सरकारी यूनिवर्सिटी, 200 से ज्यादा कॉलेज। 60 प्रतिशत प्राचार्य, 70 प्रतिशत प्रोफेसर के पद खाली हैं।

झारखंड को अब कोई भी चेहरा नहीं, एक विजन वाला शिक्षा मंत्री चाहिए।पिछली सरकारों में शिक्षा के साथ आबकारी, निबंधन, नगर विकास जैसे विभाग जोड़ दिए गए। शिक्षा पार्ट टाइम हो गई।झारखंड को चाहिए - सिर्फ शिक्षा का मंत्री। जिसके पास एक ही काम हो शिक्षा विभाग का काया कल्प कैसे हो, इस पर काम करना। झारखंड के 60 प्रतिशत छात्र 25 साल से कम के हैं। उन्हें 60 साल का मंत्री नहीं, युवा मंत्री चाहिए जो डिजिटल क्लासरूम, एआई स्किल की बात समझे।

जो खुद लैपटॉप खोलकर छात्रों की शिकायत पढ़े। शिक्षा मंत्री कुर्मी, आदिवासी, दलित नहीं, सबका होना चाहिए। ऐसा चेहरा जो पारा शिक्षक से भी बात करे और आईआईटी के प्रोफेसर से भी। जो जेपीएससी में सुधार की हिम्मत रखे। झारखंड को एक ऊर्जावान और शिक्षित शिक्षा मंत्री की तत्काल जरूरत है। आज शिक्षा विभाग की फाइलों पर लिखा होता है - माननीय मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनार्थ। पर मुख्यमंत्री के पास गृह, खनन, ऊर्जा,कार्मिक सहित कई महत्वपूर्ण विभाग हैं, जिनमें हर घंटे और हर दिन काम का बोझ बना रहता है । हेमंत सोरेन सरकार को समझना होगा - नगर विकास, पर्यटन, आबकारी विभाग के मंत्री के पद एक महीने तक खाली रहे तो काम चलेगा, पर शिक्षा विभाग के मंत्री का पद ज्यादा समय तक खाली रहा तो एक पीढ़ी बर्बाद होगी। इसलिए सरकार बहुत सोच समझ कर एक फुलटाइम शिक्षा मंत्री नियुक्त कर देना चाहिए, जिसकी राज्य के बच्चों और शिक्षा विभाग को बहुत जरूरत है। हर महीने राजधानी के खेल मैदानों, जैक के मैदान में छात्र आंदोलन होते रहेगा। मांग वही - परीक्षा कैलेंडर, नियुक्ति। पिछले आंदोलन में तत्कालीन मंत्री सुदिव्य सोनू ने जाकर बात की थी। झारखंड को अब कोई भी चेहरा नहीं, एक विजन वाला मंत्री चाहिए। झारखंड को ऐसा शिक्षा मंत्री चाहिए, जिसे सिर्फ शिक्षा विभाग के मंत्री का काम करना होगा।

जिसके पास एक ही काम हो , सुबह स्कूल, दोपहर कॉलेज, शाम जेपीएससी की बैठक में भाग ले। नया मंत्री आए तो तुरंत पांच काम करना होगा। 90 दिन में नियुक्ति कैलेंडर पर काम करना होगा। 26,000 सहायक आचार्य नियुक्ति, जो रामदास सोरेन के समय से अटकी है, 90 दिन में पूरी करनी होगी। यूनिवर्सिटी में 800 प्रोफेसर की नियुक्ति - सीधी भर्ती का काम पूरा करना होगा। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का ढिंढोरा नहीं, हर ब्लॉक के एक स्कूल को मॉडल बनाना होगा। बेंच, टॉयलेट, लाइब्रेरी - बेसिक चीजें ठीक करनी होगी। शिक्षकों की हाजिरी बायोमेट्रिक नहीं, लोकेशन बेस्ड होनी चाहिए। झारखंड को अब सहानुभूति नहीं, समाधान चाहिए। और समाधान की पहली सीढ़ी है - एक अदद, ईमानदार, फुल-टाइम शिक्षा मंत्री।

## संन्यास - स्वयं से समष्टि की ओर परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती के जीवन में साधना, सेवा और योग का अर्थ

### (संन्यास दिवस पर विशेष)

**कुमार कृष्णन**



12 सितंबर 1947। भारत आजादी की पहली सुबह के उल्लास और विभाजन की विभीषिका के बीच खड़ा था। इतिहास बाहर राजनीतिक स्वतंत्रता का नया अध्याय लिख रहा था और भीतर मनुष्य अपने अस्तित्व, भय और भविष्य के सवालों से जूझ रहा था। उसी समय ऋषिकेश में गंगा के तट पर एक युवा साधक अपने जीवन की ऐसी स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा था, जिसका अर्थ राजनीतिक मुक्ति से कहीं गहरा था।

उस दिन स्वामी शिवानंद सरस्वती ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित किया और नाम दिया–स्वामी सत्यानंद सरस्वती। गंगा की धारा के सामने लिया गया वह संकल्प आगे चलकर एक व्यक्ति की निजी आध्यात्मिक यात्रा भर नहीं रहा। उसने योग को आश्रमों और साधना-केंद्रों की सीमाओं से निकालकर सामान्य मनुष्य के जीवन तक पहुंचाने वाले एक व्यापक आंदोलन का रूप लिया। इसलिए 12 सितंबर को केवल एक संन्यासी की दीक्षा की तारीख मानना उनके जीवन के अर्थ को छोटा कर देना होगा। यह वह दिन था, जब एक मनुष्य ने अपने जीवन को अपने लिए नहीं, एक बड़े उद्देश्य के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया।

संन्यास को हम अक्सर संसार से विरक्ति और पलायन के अर्थ में समझते हैं। लेकिन स्वामी सत्यानंद का जीवन इस सामान्य धारणा को उलट देता है। उनका संन्यास संसार छोड़ने का नहीं, अपने छोटे 'मैं' से निकलकर व्यापक 'हम' में प्रवेश करने का मार्ग बना। गुरु-सेवा से योग-प्रसार, योग-प्रसार से संस्थान-निर्माण, संस्थान-निर्माण के बाद स्वयं संस्थाओं से विरक्ति और अंततः गहन साधना से लोकसेवा तक उनकी यात्रा इसी अर्थ को विस्तार देती है।1923 में अल्मोड़ा में जन्मे सत्यानंद के भीतर बचपन से ही आध्यात्मिक जिज्ञासा थी। जीवन के सामान्य अनुभव उनके भीतर ऐसे प्रश्न पैदा करते थे जिनका उत्तर केवल बाहरी दुनिया में नहीं था। संतों का सान्निध्य मिला और अंततः गुरु की खोज उन्हें ऋषिकेश तक ले गई। 1943 में उनकी भेंट स्वामी शिवानंद से हुई। यही भेंट उनके जीवन की दिशा बदलने वाली थी। गुरु के आश्रम में उन्होंने जाना कि साधना केवल ध्यान में आंखें बंद कर लेने का नाम नहीं है। सेवा भी साधना है और श्रम भी। आश्रम के छोटे-बड़े कामों में स्वयं को लगाना, शारीरिक श्रम करना और गुरु की सेवा करना उनके व्यक्तित्व को भीतर से गढ़ने की प्रक्रिया थी।

संन्यास की दीक्षा के बाद भी उनके सामने कोई तैयार रास्ता नहीं था। गुरु ने उन्हें योग को जनसामान्य तक ले जाने की जिम्मेदारी दी। 1956 के बाद उन्होंने परिव्राजक जीवन अपनाया और भारत में घूमते हुए योग तथा आध्यात्मिक साधनाओं का अनुभव व्यापक बनाया। परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के मुताबिक इसी क्रम में 6 मई को मुंगेर आए।आगे चलकर मुंगेर उनकी कर्मभूमि बना। 1960 के दशक में इंटरनेशनल योग फेलोशिप मूवमेंट और फिर बिहार स्कूल ऑफ योग के माध्यम से योग को व्यवस्थित ढंग से सिखाने और प्रसारित करने का काम शुरू हुआ।

मुंगेर केवल एक आश्रम या योग-शिक्षण का केंद्र नहीं बना। वह उस प्रयोग की भूमि बना जिसमें प्राचीन योग को आधुनिक मनुष्य की आवश्यकताओं के साथ संवाद करने की कोशिश की गई। स्वामी सत्यानंद ने योग को केवल आसन तक सीमित नहीं किया। शरीर, श्वास, मन, चेतना और जीवन-पद्धति–इन सबको उन्होंने योग की व्यापक परिधि में रखा। योगनिद्रा, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बंध, प्रत्याहार और अनेक साधनाओं को उन्होंने ऐसी व्यवस्थित शैली में प्रस्तुत किया जिसे आधुनिक मनुष्य अपने जीवन में अपना सके।

उनकी दृष्टि में योग शरीर को मोड़ने की कला नहीं था। वह मनुष्य को स्वयं को देखने और बदलने की प्रक्रिया था। यही कारण है कि उनके यहां हठयोग के साथ राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग भी एक समग्र दृष्टि में दिखाई देते हैं।

आज जब योग विश्वभर में जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है, तब यह याद रखना जरूरी है कि कभी योग को रहस्य, तप और संन्यास की सीमित दुनिया से बाहर निकालना आसान नहीं था। सत्यानंद ने योग को सामान्य गृहस्थ, विद्यार्थी, कर्मचारी और आधुनिक मनुष्य के जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। योग को जीवन से जोड़ना ही उनके कार्य की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक था। उनके शिष्य और आध्यात्मिक उत्तराधिकारी परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने उनके इस योगदान का मूल्यांकन करते हुए कहा है–

ऋ्स्वामी सत्यानंद ने योग को नया जीवन, नया जन्म दिया। उन्होंने योग को पुनर्जीवित किया–अन्यथा वह खो जाता। इसलिए स्वामी सत्यानंद आज के पतंजलि हैं।÷ग यह कथन किसी गुरु की प्रशंसा भर नहीं है। इसके भीतर आधुनिक योग के इतिहास की एक व्याख्या भी छिपी है। पतंजलि ने योग को सूत्रबद्ध किया था; सत्यानंद ने आधुनिक समय में योग की विविध परंपराओं को एक व्यावहारिक, शिक्षणीय और जीवनोपयोगी स्वरूप देने का प्रयास किया। उनकी कृति फोर चैप्टर्स ऑन फ्रीडम पतंजलि के योगसूत्र पर उनकी विस्तृत व्याख्या का उदाहरण है।

लेकिन सत्यानंद के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय शायद उनके द्वारा बनाई गई संस्थाओं से जुड़ा नहीं, बल्कि उन संस्थाओं से स्वयं को अलग कर लेने के निर्णय से जुड़ा है।1988 में जब उनका योग-अभियान व्यापक पहचान प्राप्त कर चुका था, उन्होंने संगठनात्मक जिम्मेदारियों से स्वयं को अलग किया और स्वामी निरंजनानंद सरस्वती को आगे की जिम्मेदारी सौंपी। यह निर्णय उनके संन्यास को एक नया अर्थ देता है।

संस्था बनाना एक उपलब्धि हो सकती है, लेकिन अपनी बनाई संस्था से मोह छोड़ देना एक दूसरी तरह की साधना है। मनुष्य अक्सर त्याग की बात करता है, लेकिन अपनी उपलब्धियों पर अधिकार छोड़ना कठिन होता है। सत्यानंद ने यहां भी अपने जीवन को परीक्षा में रखा।संन्यास का अर्थ केवल वस्तुओं का त्याग नहीं, उपलब्धियों पर अपने अधिकार-बोध का त्याग भी है।

मुंगेर से निकलने के बाद उनकी यात्रा रिखिया की ओर हुई। यहां उनका जीवन गहन साधना और तपस्या की ओर मुड़ा। लेकिन उनकी साधना फिर भी मनुष्य से अलग नहीं हुई। आसपास के ग्रामीण और आदिवासी समाज की जीवन-स्थितियां उनकी चिंता का हिस्सा बनीं। आवास, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सेवा-कार्य आगे बढ़े।

यहां उनके जीवन की यात्रा एक पूरा वृत्त बनाती है। शुरुआत गुरु-सेवा से हुई थी। फिर योग के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचने का प्रयास हुआ।

## डोनाल्ड ट्रंप के गुरु हैं मोदी?

**सनत जैन**

क्या दुनिया की सबसे पुरानी लोकतांत्रिक व्यवस्था अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से चुनाव जीतने के नए-नए तरीके सीख रही है? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत की चुनाव व्यवस्था का सार्वजनिक रूप से उल्लेख करते हुए, उसे अमेरिका के लिए उदाहरण के तौर पर पेश किया है। अगस्त में ट्रंप ने भारत के मतदाता पहचान पत्र और नागरिकता सत्यापन व्यवस्था का हवाला देते हुए अमेरिकी चुनावों में कड़े पहचान नियम लागू करने की वकालत की। सीधे यह कहना कि ट्रंप, नरेंद्र मोदी के शिष्य बन गए हैं, ठीक नहीं है, लेकिन जिस तरह से नरेंद्र मोदी को ट्रम्प फॉलो कर रहे हैं, दोनों नेताओं की राजनीति में कुछ दिलचस्प और विचित्र समानताएं जरूर दिखने को मिलती हैं। यही तुलना इस तरह के विचार को बल देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्षों में एक मजबूत राजनीतिक ब्रांड विश्व गुरु के रूप में भारत सहित सारी दुनिया में अपने आपको पेश किया है। समर्थक उन्हें विश्व मंच पर भारत की प्रभावी आवाज और विश्व गुरु के रूप में पिछले कई वर्षों से प्रस्तुत करते हैं। मोदी को विभिन्न देशों से अनेक सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिले हैं। दुनिया के किसी भी राष्ट्रॉध्यक्ष को इतने कम समय में इतने सम्मान नहीं मिले हैं। किसी नेता की अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता और उसकी चुनावी रणनीति तथा लंबे समय तक सत्ता में बने रहने को उसकी सफलता से जोड़कर देखा जाता है। ट्रंप की राजनीति का सबसे बड़ा हथियार उनकी सीधी, आक्रामक और जोखिम लेने वाली शैली है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने टैरिफ को आर्थिक और राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई और आर्थिक दबाव बना। आईएमएफ के अनुसार 2025 में अमेरिकी महंगाई पर टैरिफ का बड़ा असर दिखाई दिया। अमेरिका का सरकारी कर्ज 123.9 प्रतिशत जीडीपी की तुलना पर पहुंच गया। कुछ ऐसी ही स्थिति भारत की है। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत के ऊपर कर्ज बढ़ता ही जा रहा है।

अब असली समानता अर्थव्यवस्था से ज्यादा चुनावी राजनीति में दिखाई देने लगी है। भारत की चुनावी राजनीति में मतदाता पहचान, नागरिकता, मतदाता सूची और सत्यापन जैसे मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। भारत में चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पिछले वर्षों में चुनाव आयोग को लेकर बहुत सारे मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी गए हैं। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप इन्हीं मुद्दों को अमेरिकी में लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने भारत की चुनाव व्यवस्था का उदाहरण देते हुए सेव एक्ट के समर्थन में नागरिकता प्रमाण और फोटो आईडी जैसी शर्तों की वकालत अमेरिका में शुरू कर दी है। भारत की एसआईआर और अमेरिका में प्रस्तावित चुनावी नियमों को समान बताना सही नहीं होगा। दोनों देशों की चुनाव व्यवस्था, संघीय ढांचा और मतदाता पंजीकरण प्रणाली अलग है। इसके बाद भी ट्रंप भारत की व्यवस्था को अमेरिका में लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। अब आते हैं, सबसे दिलचस्प मुद्दे रेवड़ी या चुनाव के पहले मतदाताओं को आर्थिक सहायता देकर अपने पक्ष में करना। 9 सितंबर 2026 को ट्रंप ने घोषणा की है, यदि रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में बहुमत बनाए रखती है। तो अमेरिकी वयस्क नागरिकों को 5,000 डॉलर का डिविडेंड दिया जाएगा। इसका संभावित खर्च एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक होगा। भारत में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कथित तौर पर 15 लाख रुपये चुनाव जीतने पर देने का वादा किया गया था, जिसे बाद में चुनावी जुमला करार दिया गया। चुनाव के पहले भारत में इस तरह की घोषणा पिछले कई चुनाव में देखने को मिल रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में इसे फ्री की रेवड़ी कहते थे। चुनाव के ठीक पहले अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी यही रास्ता अख़्तयार किया है। **ये लेखक के अपने विचार है।**

## पाकुड़ की खबरें

### इंटिमेट फैशन चेन्नई में मिली नौकरीकल्याण गुरुकुल के 10 अभ्यर्थी रवाना



हिरणपुर (पाकुड़ ) कल्याण गुरुकुल हिरणपुर, पाकुड़ के प्रशिक्षणार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियों भरा रहा। संस्थान के बैच संख्या 69 के एसएमओ ट्रेड के नौ अभ्यर्थियों तथा बैच संख्या 57 के एक अभ्यर्थी को प्रतिष्ठित कंपनी इंटिमेट फैशन, चेन्नई में नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया गया। ऑफर लेटर मिलने के बाद सभी 10 अभ्यर्थी ट्रेनर अनिता कुमारी के साथ चेन्नई के लिए रवाना हुए. इस अवसर पर कल्याण गुरुकुल के प्रिंसिपल प्रवीन सिन्हा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन के साथ कार्य करते हुए सभी अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना भी की. मौके पर ट्रेनर उज्ज्वल राय, रौशन पांडेय, अनुज सिंह, अनिता कुमारी, वार्डन पुतुल सोरेन, कुक ललिता कुमारी व रेनू हांसदा, एमआईएस अभय कुमार उपस्थित रहे।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले संपन्न

संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़)। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित खेलो झारखंड 2025-26 के तहत प्रखंड के काठसल्ला में चल रही प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुक्रवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। अंतिम दिन बालिका फुटबॉल फाइनल में केजीबीवी महेशपुर और यूएचएस बांकीजानी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें केजीबीवी महेशपुर विजेता और यूएचएस बांकीजानी उपविजेता रही।बालिका वॉलीबॉल फाइनल में केजीबीवी महेशपुर और उच्च विद्यालय बिरकिट्टी के बीच मुकाबला हुआ। इसमें केजीबीवी महेशपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि उच्च विद्यालय बिरकिट्टी उपविजेता रहा। वहीं, बालक वॉलीबॉल फाइनल में प्रोजेक्ट हाई स्कूल बड़कियारी और उच्च विद्यालय पहाड़पुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें प्रोजेक्ट हाई स्कूल बड़कियारी विजेता और उच्च विद्यालय पहाड़पुर उपविजेता रहा।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रखंड शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शारीरिक शिक्षकों और निर्णायक मंडल की अहम भूमिका रही। इस मौके पर अब्दुल सलाम, शेखर झा, मजीबुर आलम, सादेकुल शेख, तरजेम शेख सहित अन्य मौजूद थे।

### पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था की मांग पर बैंक कर्मियों की हड़ताल, करोड़ों का लेन-देन प्रभावित




संताल एक्सप्रेस पाकुड़। पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर जिले के बैंक अधिकारी और कर्मचारी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण जिले के विभिन्न बैंकों में नियमित कामकाज पूरी तरह बंद रहा। इससे बैंकिंग लेन-देन प्रभावित हुआ और अपने जरूरी काम से बैंक पहुंचे उपभोक्ताओं को निराश होकर लौटना पड़ा।हड़ताल के दौरान बैंक कर्मियों ने भारतीय स्टेट बैंक की व्यवहार न्यायालय शाखा के समक्ष एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इसके बाद शहर में जुलूस निकालकर मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शन में एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक समेत विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों पर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। कई दौर की वार्ता के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। कर्मियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था को तत्काल लागू करने तथा अन्य लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।बैंक कर्मियों ने आंदोलन को आगे और व्यापक करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।हड़ताल में थॉमस सोरेन, कुमार शोभित, सुभाष मंडल, ईसा यादव, किरण दुद्द, प्रसेनजीत मंडल, सत्यजीत दत्ता, विकास कुमार, असद कमरान, सुबोध कुमार, शांति मुर्मू, देवलिना गोस्वामी, अनुरंजन आनंद, सुरेश राय और फ्रांसिस हेम्ब्रम समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मी मौजूद रहे।वहीं, बैंक बंद रहने से आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह बैंक पहुंचने वाले कई लोगों को हड़ताल की जानकारी मिलने के बाद बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। बैंक शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक और अन्य नियमित सेवाएं प्रभावित

# जर्जर सड़क, जलजमाव, हाट परिसर की बदहाली और स्वास्थ्य असुविधा से लोग परेशान दुरुस्त करने की मांग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। अमड़ापाड़ा की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने डीसी मेघा भरद्वाज को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा। इसमें मुख्य बाजार की जर्जर सड़क, जलजमाव, नाली, हाट परिसर की बदहाली सहित बाजार की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है।मांग-पत्र के माध्यम से अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने तथा जलजमाव से निजात दिलाने के लिए नाली की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की गई। वहीं हाट परिसर में वर्षों पुराने और जर्जर टीनशेड को हटाकर नया टीनशेड लगाने के साथ नियमित साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराने की मांग रखी गई।बाजार क्षेत्र में बेहतर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की गई है। इसके अलावा लंबे समय से बंद पड़े पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को पुनः पूर्ण रूप से संचालित करने की मांग ग्रामीणों ने की।ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर कई वर्षों से लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं। समय-समय पर स्थल निरीक्षण भी हुआ, लेकिन इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। इससे आम लोगों और बाजार आने वाले ग्रामीणों को लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण के लिए भेजकर मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि शीघ्र समाधान की दिशा में पहल नहीं हुई तो ग्रामीण लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।मांग-पत्र सौंपने के दौरान मो. जहांगीर अंसारी, निखिल भारती, प्रेमित कुमार, आरिफ आलम सहित अन्य ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### तीन साल के समय का सदुपयोग करें विद्यार्थी, पढ़ाई के साथ सीखें नया कौशल :डीसी

पाकुड़ पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, सुविधाओं, अनुशासन, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से अवगत कराने के उद्देश्य से अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान संस्थान के निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज के तीन वर्ष उनके जीवन के बेहद महत्वपूर्ण वर्ष हैं। विद्यार्थियों को नियमित मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ इन वर्षों का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई विद्यार्थियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही संस्थान की प्रयोगशालाओं, डिजिटल संसाधनों और उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कम से कम एक नया कौशल सीखने, पियर लर्निंग को बढ़ावा देने और विषयों से संबंधित जिज्ञासाओं को दूर करने के लिए शिक्षकों से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे और अन्य हानिकारक आदतों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति, संस्कार और गुरुजनों के सम्मान को भी बनाए रखना जरूरी है।उप निदेशक आलोक कुमार ने विद्यार्थियों से अच्छी संगति अपनाने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी विषय को समझने में परेशानी हो तो विद्यार्थी बिना झिझक शिक्षकों से सवाल पूछें। साथ ही हॉस्टल के निर्धारित स्टडी आवर का सदुपयोग कर अपनी पढ़ाई को मजबूत करें। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्थान की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने का भी आह्वान किया।संस्थान के निदेशक अमिया रंजन बड़ाजेना ने कहा कि पाकुड़ पॉलिटेक्निक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर प्रायोगिक प्रशिक्षण और विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राचार्य डॉ. सुषमा यादव ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित पाकुड़ पॉलिटेक्निक ने वर्ष 2026 में दस वर्ष पूरे किए हैं।


### गणपति महोत्सव की तैयारियां जोरो पर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आगामी 14 से 17 सितंबर तक रेलवे मैदान, पाकुड़ में आयोजित होने वाले 28वें गणपति महोत्सव को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल है। सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, रेलवे मैदान की ओर से महोत्सव को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गणेश चतुर्थी के दिन विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा पूजा स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। समिति के सदस्य पंडाल निर्माण, सजावट, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पूजा के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भक्तिमय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की तैयारी है। गणेश चतुर्थी को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। पूजा सामग्री, सजावटी सामान सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। पूजा समिति के संस्थापक हिसाबी राय ने बताया कि रेलवे मैदान में विगत 27 वर्षों से भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना लगातार आयोजित होती आ रही है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से धार्मिक परंपरा का निरंतर जारी रहना पाकुड़वासियों की आस्था और सहभागिता का प्रतीक है। राणा शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2026 में समिति द्वारा 28वें गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गणपति महोत्सव अब केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के बरहाबाद गांव में मंगल हांसदा उर्फ पाण्डेय के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चांदी जैसा दिखने वाला करीब 200 ग्राम का रोड तथा चांदी जैसे आभूषण पर सोने का पानी चढ़ा करीब 8.5 ग्राम का सामान बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, आठ सितंबर को चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अनीुदीप सिंह के निर्देश पर संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में गठित टीम ने बरहाबाद गांव पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम बबलू डुडू (26) और लखन राय (28), दोनों निवासी शाहकोल, थाना पाकुड़ नगर, बताया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।मामले में वादी मंगल हांसदा के लिखित आवेदन के आधार पर मालपहाड़ी ओपी दिनांक 10 सितंबर 2026 के तहत धारा 305(ए)/3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।छापेमारी दल में एसडीपीओ कुमार गौरव, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता, सअनि अयोध्या राम, सअनि मंगल किस्कू, सअनि मुकेश कुमार,

### महेशपुर में अनमैप्ड वोटरों को लेकर दो स्थानों पर हुई सुनवाई



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर प्रखंड में शुक्रवार को अनमैप्ड वोटरों से संबंधित मामलों को लेकर दो अलग-अलग स्थानों पर सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने सुनवाई की, जबकि रोलाग्राम पंचायत भवन में अंचल अधिकारी संजय सिन्हा ने अनमैप्ड वोटरों से जुड़े मामलों की जांच की।दोनों अधिकारियों ने अलग-अलग सुनवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया और उनसे आवश्यक जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची को स्वच्छ और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से यह सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।बीडीओ ने प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, अंचल अधिकारी ने पंचायत स्तर पर बीएलओ को मामलों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान दोनों स्थानों पर बीएलओ, कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### बीएलडब्ल्यू कुंदन कुमार का निधन

अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। स्थानीय संकरी गली निवासी एवं बीएलडब्ल्यू पद पर कार्यरत कुंदन कुमार (50) के आकस्मिक निधन से अमड़ापाड़ा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार अहले सुबह उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों और परिचितों में मातम छा गया। उनके अचानक चले जाने से परिवार के साथ-साथ सहकर्मियों और शुभचिंतकों में भी गहरा दुख है। कुंदन कुमार वर्ष 2012 से बीएलडब्ल्यू के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने अमड़ापाड़ा और लिट्टीपाड़ा प्रखंड में लंबे समय तक कार्य किया। वर्तमान में वे पाकुड़िया प्रखंड में पदस्थापित थे। सहकर्मियों के अनुसार वे सरल, मिलनसार और कर्तव्य के प्रति बेहद सजग थे। समय की पाबंदी और आम लोगों से बेहतर व्यवहार के कारण वे सहकर्मियों एवं अधिकारियों के बीच भी लोकप्रिय थे।कुंदन कुमार पांच भाइयों में सबसे छोटे थे।

# छात्रों के समर्थन में भाजपा की आक्रोश रैली, सीबीआई जांच की मांग

## जेपीएससी-जेएसएससी मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** छात्रों के समर्थन में भाजपा ने शुक्रवार को देवघर में आक्रोश रैली निकाली। शिवलोक परिसर से शुरू हुई रैली देवघर समाहरणालय पहुंची, जहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा जेपीएससी-जेएसएससी से जुड़े मामलों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने किया। पार्टी ने दावा किया कि प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में मुख्य रूप से धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता रणधीर सिंह, पूर्व विधायक नारायण दास और जिला प्रभारी यदुनंदन पाठक मौजूद रहे। राज सिन्हा ने राज्य सरकार पर छात्रों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेपीएससी में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने राज्य में अपराध, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बढ़ती गुंडागर्दी को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने जेपीएससी मामले में कथित लेनदेन का मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। रैली में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष दुबे के अलावा संजीव जजवाड़े, विशाखा सिंह, जिला महामंत्री सुनीता सिंह, अभयानंद झा, अधिर चंद्र भैया, पप्पू यादव, पंकज सिंह भदौरिया, विजया सिंह, मुकेश पाठक, सुलोचना देवी, मनोज मिश्रा, अलका सोनी, रवींद्रनाथ तिवारी, संतोष उपाध्याय, नवल राय, दिवाकर गुप्ता, महेश राय, सौरभ कश्यप, बलबीर राय, अमृत मिश्रा, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, प्रवासी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बैंक हड़ताल का देवघर में दिखा असर, बैंककर्मियों ने दिखाई एकजुटता

## 28 से 30 सितंबर की तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** देशव्यापी बैंक हड़ताल के तहत शुक्रवार को देवघर में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने विभिन्न बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी बड़ी संख्या में जुटे। इस दौरान पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, पीएलआई में भेदभावपूर्ण व्यवस्था समाप्त करने और पेंशन संबंधी लंबित मांगों का समाधान करने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम का आयोजन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की देवघर इकाई की ओर से किया गया। अध्यक्षता यूएफबीयू के देवघर संयोजक मुन्ना कुमार झा ने की।

उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की एकजुटता ने लंबित मांगों को लेकर सरकार और बैंक प्रबंधन तक स्पष्ट संदेश पहुंचाया है। मुन्ना कुमार झा ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था की मांग मार्च 2024 के वेतन संशोधन समझौते में सहमति के बावजूद अब तक लंबित है। पीएलआई के मामले में भी संगठन समान और न्यायसंगत व्यवस्था की मांग कर रहा है। उन्होंने सरकार और बैंक प्रबंधन से लंबित मांगों पर सार्थक द्विपक्षीय बातचीत कर समाधान निकालने की अपील की। एसबीआईओए अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहा कि हड़ताल में कर्मचारियों और अधिकारियों की भागीदारी उनकी एकजुटता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता को दर्शाती है। संगठन ने अब 28, 29 और 30 सितंबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए बैंककर्मियों से अभी से तैयारी शुरू करने का आह्वान किया है। संगठन ने कहा कि लंबित मांगों के समाधान के लिए आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में ब्रजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, रोहित झा, धीरज, अंशुमान, नवनीत, कैलास कुमार निराला, संजय, आशीष, कुंदन, मोनिका, स्मृति, प्रीति, धीरज साह, अमित सिन्हा, नवानंद सिंह, अमित दुबे, ईसा सिंह, काजल, सुषमा, रवीना, प्रियजीत, दीपक, अवधेश, सागर, आलोक, प्रशांत, संदीप, अनिरुद्ध, शुभम कौशिक, पंकज सिंह और शिखा सहित विभिन्न बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

## मधुपुर में दो सूत्री मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने की हड़ताल




**मधुपुर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित केनरा बैंक के समीप शुक्रवार को बैंककर्मियों ने केंद्र सरकार खिलाफ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर सांकेतिक हड़ताल किया. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को मधुपुर में विभिन्न बैंकों के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी मांगों के समर्थन में सांकेतिक हड़ताल पर शामिल हुए. इस दौरान बैंककर्मियों ने नारेबाजी करते हुए लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की. हड़ताल में मधुपुर क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए. बैंककर्मियों का कहना था कि लंबे समय से चल उनकी जायज मांगें लंबित हैं. बार-बार मांग उठाए जाने और आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है. केनरा बैंक संगठन के संजय कुमार मुर्मू ने बताया कि देशभर में करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हैं. मौके पर अविनाश कुमार वर्मा, ताबिश फरहान, कौशल किशोर, हेमंत यादव, गौतम उपाध्याय, नजमुल होदा, अजीत कुमार, संतोष कुमार, विकास चंद्र तिवारी, मुरलीधर समद, चिन्मय विश्वाल, शंभू पासवान, फिरोज आलम, मो. रिजाउद्दीन, अमित कुमार, उमेश कुमार, मो. शमशेर, उमेश दास, कुमारी दीपा, मीनाक्षी सिन्हा, नीरज कांत पांडेय सहित विभिन्न बैंकों के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे.

## देवघर में गृह रक्षक भर्ती की तैयारी शुरू 11 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन संभावित

**देवघर।** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, देवघर जिला में गृह रक्षकों के नव-नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। जिला प्रशासन ने भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 01/2026 जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लेने के लिए भर्ती पोर्टल खोलने की तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन के अनुसार भर्ती का आधिकारिक विज्ञापन संभावित रूप से 25 सितंबर 2026 को प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थी 11 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2026 की शाम 5 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट recruitment.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने के लिए ऑनलाइन भुगतान माध्यम से 100 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में शारीरिक जांच परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा स्थल और तिथि के साथ लिखित एवं तकनीकी जांच परीक्षा से जुड़ी जानकारी बाद में समाचार पत्रों के माध्यम से सार्वजनिक की जाएगी।

## साहित्यिक विभूतियों को किया गया याद



**मधुपुर।** स्थानीय राहुल अध्ययन केन्द्र में प्रसिद्ध प्रगतिशील कवि गजानन माधव मुक्तिबोध व कवियित्री महादेवी वर्मा की स्मृति दिवस व समाज सुधारक विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें याद किया गया. मौके उपस्थित लोगों ने विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. मौके जलेस के प्रांतीय सह सचिव, कलमकार धनंजय प्रसाद ने कहा कि आधुनिक हिंदी साहित्य के सबसे प्रभावशाली व चिंतनशील कवियों में उनकी गिनती की जाती है. उनकी कविताओं में व्यक्ति की आत्मसंघर्षशील चेतना, समाज प्रति गहरी संवेदना और परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा की झलक है. वे हिन्दी की नई कविता आन्दोलन के अग्रदूत में से एक थे. उन्होंने कविता को बौद्धिक और विचारात्मक धरातल पर नई उंचाई दी. गजानन माधव मुक्तिबोध ने सिर्फ कवि थे बल्कि एक युग की आवाज थे. संघर्ष, विचार व आत्ममंथन के प्रतीक थे. उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचनाएं की. उन्होंने कहा कि महादेवी वर्मा छायावाद की एक मजबूत स्तंभ थी. उन्होंने वेदना और अवसाद की कविताएं लिखी हैं. उन्हें ज्ञानपीठ व पद्मविभूषण सम्मान से नवाजा गया. उन्होंने कहा कि विनोबा भावे गांधीवादी सत्याग्रही व गांधीजी के प्रमुख अनुयायी थे. भला ऐसे विभूतियों को कैसे बिसराया जा सकता है. उन्हें याद करना लाजिमी है.अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये.

## रक्षित झा ने थाईलैंड में देवघर सहित देश का नाम किया रोशन : डॉ. सुनील खवाड़े



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** थाईलैंड में आयोजित एशिया पैसिफिक योगासना चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए देवघर के युवा योग खिलाड़ी रक्षित झा ने कांस्य पदक हासिल कर देवघर के साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन किया। देवघर आगमन पर जिला ओलंपिक संघ एवं खेल जगत से जुड़े पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े, देवघर जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, योग संघ के अध्यक्ष रितेश केसरी, सचिव बिप्लव विश्वास तथा जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव नवीन शर्मा ने रक्षित झा का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने रक्षित झा को पुष्पमाला एवं बुके देकर सम्मानित किया तथा प्रोत्साहन स्वरूप 5,100 की नगद राशि प्रदान की। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि ÷रक्षित झा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर थाईलैंड में देवघर सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि देवघर के लिए गर्व की बात है। ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।÷ वहीं, जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा ने कहा कि प्रतिभा को घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रखना चाहिए। प्रतिभा है तो उसे बाहर आना चाहिए और अपनी पहचान बनानी चाहिए। रक्षित झा ने यह साबित किया है कि देवघर के खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने की पूरी क्षमता है। योग संघ के अध्यक्ष रितेश केसरी एवं सचिव बिप्लव विश्वास ने भी रक्षित झा को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से देवघर के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। समारोह में मौजूद खेल पदाधिकारियों ने रक्षित झा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह देश और देवघर का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।मौके पे संघ के पदाधिकारी सहित पवन कुमार,मोहित केसरी,सोनी ,पायल कुमारी,सानिया ,सहित कई खिलाड़ी उनके अभिभावक रश्मि झा,ईश्वर चंद्र झा,मौजूद थे।।

# कोरियासा मैदान में हथियारों की डील से पहले पुलिस ने कार्बाइन के साथ किया युवक गिरफ्तार

## पुलिस पूछताछ में हथियार उपलब्ध कराने और बेचने की कोशिश का खुलासा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र के कोरियासा मैदान में हथियारों की खरीद-बिक्री की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 वर्षीय सूरज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक काली कार्बाइन मशीन गन, दो मैगजीन और एक आईटेल कीपैड मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, वह हथियार बेचने के लिए संभावित खरीदार की तलाश में था। एसपी प्रवीण पुष्कर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 10 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि कोरियासा मैदान के आसपास कुछ अपराधी अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री के लिए जुटे हैं। सूचना के आधार पर सदर एसडीपीओ



कुलदीप कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। पुलिस को देखते ही एक आरोपी भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कार्बाइन मशीन गन और दो मैगजीन बरामद हुईं। गिरफ्तार सूरज कुमार सिंह, भारत सिंह का पुत्र है और रोहिणी परमेश्वर चौक, जसीडीह थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह कुछ समय से देवघर में रह रहा था और मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि वह दीपक झा के संपर्क में रहकर उसके लिए हथियार की व्यवस्था करता था। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2022 में दीपक झा ने कुंडा थाना क्षेत्र के बसतपुर बालू घाट का टेंडर लिया था। पुलिस का कहना है कि उस दौरान उसे बाबा परिहस्त गिरोह से धमकी मिलने की बात सामने आई थी। इसके बाद सूरज ने कथित तौर पर उसके लिए हथियार उपलब्ध कराए। पहले कुछ पिस्तौल और बाद में कार्बाइन मशीन गन उपलब्ध कराने की बात पुलिस जांच में सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी से कुछ दिन

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर तुरंत करें कार्रवाई : डीसी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिलावासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेंशन, आवास और राजस्व से जुड़े मामले उपायुक्त के समक्ष रखे। उपायुक्त ने एक-एक कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जोड़ने, मंईयां सम्मान योजना, पेंशन और राजस्व से जुड़े कई मामलों का संबंधित विभागों की ओर से मौके पर ही समाधान किया गया। जनता दरबार के दौरान सरकारी और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों को लेकर उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और निजी या व्यावसायिक निर्माण करने वालों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों और राजस्व उप निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी जमीन की पहचान करने को कहा। जहां अवैध कब्जे की शिकायत या मामला सामने आया है, वहां तत्काल भूमि की मापी और सीमांकन कराने तथा अतिक्रमणकारियों को कानूनी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निर्धारित समय सीमा में कब्जा नहीं हटाने पर नियमानुसार अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई करने को कहा गया।

## बाइक और चार पहिया वाहन की टक्कर, एक घायल

**मधुपुर।** थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में भेड़वा निवासी 25 वर्षीय सोहेल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही मधुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोहेल अंसारी अपनी अपाची बाइक से मधुपुर बाजार की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रहे एक चारपहिया वाहन से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को जब्त कर लिया है और मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है.

## सदर अस्पताल के एजेंसी कर्मियों को चार महीनों से वेतन नहीं

# बकाया मानदेय को लेकर कार्यालय पहुंचे कर्मी महिलाओं ने कहा—भूखे मरने की स्थिति




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सदर अस्पताल देवघर में एजेंसी के तहत कार्यरत कर्मियों के सामने पिछले करीब चार महीनों से मानदेय एवं वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मियों का कहना है कि उनसे लगातार नियमानुसार काम लिया जा रहा है, लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके परिवार की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बकाया वेतन की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में कर्मी संबंधित एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कई महिला कर्मियों की आंखों में अपने परिवार की परेशानी का दर्द साफ दिखाई दिया। महिला कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण राशन दुकानदारों ने भी अब उधार देने से मना कर दिया है। वहीं, बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं होने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कर्मियों ने बताया कि घर के बुजुर्गों की दवा तक खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। एक महिला कर्मी अपने बच्चे को गोद में लेकर अपनी परेशानी बताते हुए रो पड़ी। इससे मौके का माहौल बेहद भावुक हो गया। कर्मियों ने कहा कि वे लोग भूखे मरने के कगार पर पहुंच गए हैं, लेकिन उनकी समस्या की ओर न तो एजेंसी और न ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, कर्मियों ने उपायुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर बकाया वेतन का भुगतान कराने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी पर वेतन भुगतान में विलंब के आरोप के साथ-साथ नए कर्मियों की बहाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कर्मियों का दावा है कि विभागीय निर्देश के अनुसार सिविल सर्जन की अनुमति के बिना एजेंसी द्वारा नई बहाली नहीं की जा सकती। ऐसे में कथित बहाली को लेकर भी जांच की मांग उठ रही है। अब देखना है कि अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

## मानसिक तनाव के संकेतों को नजरअंदाज न करें, समय पर संवाद जरूरी : विशेषज्ञ



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के तहत 10 से 16 सितंबर 2026 तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पीएम श्री उत्क्रमित हाई स्कूल,मल्हारा, मोहनपुर में एक दिवसीय विश्व आत्महत्या रोकथाम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, देवघर के तत्वावधान में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यशाला में सदर अस्पताल, देवघर की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अपर्णा रानी एवं साइकाइट्रिक सोशल वर्कर मोहम्मद शरीफ अंसारी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने आत्महत्या रोकथाम,मानसिक तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि लगातार उदासी,लोगों से दूरी बनाना, नींद में बदलाव,अत्यधिक तनाव,निराशा तथा व्यवहार में अचानक परिवर्तन जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसे समय में व्यक्ति से बातचीत करना, भावनात्मक सहयोग देना और जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या से जुड़ी घटनाओं को केवल व्यक्तिगत समस्या न मानकर गंभीर सामाजिक एवं मानसिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में समझने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जरूरतमंद व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनने, उसे अकेला न छोड़ने तथा उचित सहायता और उपचार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2026 की थीम Changing the Narrative on Suicide अर्थात आत्महत्या के बारे में दृष्टिकोण को बदलना के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या से जुड़े भ्रम एवं संकोच को दूर कर मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद को बढ़ावा देना रहा। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 14416 पर संपर्क किया जा सकता है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में 28 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** 20वीं झारखंड राज्य कबड्डी प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) का आयोजन 12 से 14 सितंबर 2026 तक साहिबगंज में किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में देवघर जिले से बालक एवं बालिका वर्ग की 14-14 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। दोनों टीमें 11 सितंबर को साहिबगंज के लिए रवाना होंगी। बालक वर्ग की टीम में रितिक कुमार सिंह, मनीष कुमार, सुभाकर कुमार, चन्दन कुमार, ओम कुमार, प्रिंस कुमार, रणबीर कुमार, उदय कुमार, अमित कुमार चौधरी, राकेश कुमार, अमन कुमार, सूरज कुमार, आदित्य कुमार एवं प्रिगयांश कुमार शामिल हैं। टीम के कोच रितिक कुमार पांडे तथा मैनेजर प्रवीण कुमार सिंह हैं। बालिका वर्ग की टीम में भावना कुमारी, मानसी कुमारी, राजलक्ष्मी कुमारी, अंजली कुमारी, दीपिका कुमारी, अंजली कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, राजलक्ष्मी, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, खुशबू कुमारी, अनुष्का कुमारी, साक्षी कुमारी एवं सोनी कुमारी का चयन किया गया है। टीम की कोच ललित कुमार झा तथा मैनेजर नितू कुमारी हैं। देवघर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े समेत संघ एवं खेल जगत के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला खेल प्राधिकरण देवघर के सचिव आशीष झा, उपाध्यक्ष संजय मालवीय, वॉलीबॉल संघ के नवीन शर्मा, कबड्डी संघ के रामप्रवेश सिंह, धर्मेंद्र देव, स्वागत कर, जोगिंदर तिवारी, ऋषिराज सिंह, निर्मल कुमार, आशुतोष कुमार उर्फ जिम्मी, आलोक कुमार, अशरफ अली, रंजीत कुमार सिंह, मोनू, रवि आदि मौजूद रहे। संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि देवघर की दोनों टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगी।

## खेलो झारखंड में महेशमारा स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** मोहनपुर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महेशमारा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में जीत दर्ज की। विद्यालय प्राचार्य विजय शंकर ठाकुर ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस उपलब्धि के पीछे खिलाड़ियों का निरंतर अभ्यास, प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन तथा विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल विभाग के नोडल अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज अहमद ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा निखारने के लिए हरसंभव अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता में बबली कुमारी ने 1500 मीटर दौड़ में तृतीय, ऋतिका कुमारी ने 800 मीटर में तृतीय, ऋषभदेव ने 400 मीटर में द्वितीय, लक्ष्मी कुमारी ने 100 मीटर में तृतीय, रेखा कुमारी ने लंबी कूद में तृतीय तथा रिया कुमारी और प्रिंस कुमार ने गोला फेंक में तृतीय पुरस्कार हासिल किया। बालक 4*100 मीटर एवं 4म400 मीटर रिले टीम ने द्वितीय तथा बालिका 4*400 मीटर रिले टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता में मोहम्मद इम्तियाज अहमद, सचिंद्र त्रिपाठी, राजेश मंडल, अनिमा शेखर एवं रूपा केसरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# साहिबगंज में बाढ़ ने चार वर्षों के हाई फ्लड लेवल का रिकॉर्ड तोड़ा, एनडीआरएफ तैनात





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज-साहिबगंज के गंगा नदी में आई बाढ़ ने पिछले चार वर्षों के हाई फ्लड लेवल का रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. 2025 के 28.70 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए शुक्रवार वार को जलस्तर 28.72 मीटर पर पहुंच गया. केंद्रीय जल आयोग के अनुसार शुक्रवार को साहिबगंज में गंगा का जलस्तर अधिकतम स्तर 28.72 मीटर तक पहुंच गया. ज्ञात हो कि साहिबगंज में जलस्तर की चेतावनी रेखा 26.25 मीटर है. जबकि खतरे का निशान 27.25 मीटर है.पिछले चार वर्षों के रिकॉर्ड के अनुसार 2022 में जलस्तर अधिकतम 28.60 मीटर, 2023 में 27.38, 2024 में 28.06 एवं 2025 में 28.70 मीटर तक पहुंचा था. इधर बाढ़ व कटाव से दियारा व तराई इलाकों में रहने वालों को मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.साथ ही मवेशियों को भी परेशानी हो रही है.पानी से घिरे दियारा इलाकों के अलावे शहरी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित लोगों को अभी राहत नहीं मिली है.

एनडीआरएफ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

साहिबगंज-बिहार के पटना बिहटा की एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन के कमांडेंट हरेंद्र पाल सिंह कंडारी के नेतृत्व में रांची स्थित रीजनल रिस्पॉन्स सेंटर की 30 सदस्यीय टीम बुधवार को साहिबगंज में पहुंची. टीम में एक इंस्पेक्टर, चार सब-इंस्पेक्टर, दो महिला बल सदस्य एवं 23 पुरुष बल शामिल हैं.

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

साहिबगंज -जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार ने शुक्रवार को मध्य विद्यालय समदा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरीगली एवं जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय सकरीगली का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता एवं विद्यालय की समग्र व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया. उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर शिक्षण कार्य की स्थिति की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की.उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. साथ ही उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है.

## निशांत जायसवाल को झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का चेयरपर्सन बनाया गया

बरहरवा- अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा निशांत जायसवाल को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के ओबीसी विभाग का चेयरपर्सन नियुक्त किए उन्होंने कहा कि निशांत जायसवाल को मिली यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पूरे झारखंड के ओबीसी समाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष और गौरव का विषय है. उन्होंने विश्वास जताया कि श्री जायसवाल अपने कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण के माध्यम से प्रदेश में ओबीसी विभाग को और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बनाएंगे.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ओबीसी समाज अपने अधिकार, सम्मान, सामाजिक न्याय और उचित राजनीतिक भागीदारी के लिए एक सशक्त एवं संगठित आवाज की अपेक्षा रखता है. ऐसे में निशांत जायसवाल का नेतृत्व समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.अश्विनी कुमार आनंद ने कहा कि उनके नेतृत्व में ओबीसी विभाग को जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा समाज के हितों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने की दिशा में सकारात्मक पहल की उम्मीद है.

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

साहिबगंज - जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की मौजूदगी में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ.निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस के डबल लॉक एवं सीलबंद तीनों विधानसभा कक्षों को नियमानुसार खोला गया. इसके उपरांत सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा उनके सुरक्षित रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया गया.डीसी ने वेयर हाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, निगरानी प्रणाली, रिकॉर्डिंग व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन का भी निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि निगरानी व्यवस्था को चौबीसों घंटे सक्रिय एवं प्रभावी बनाए रखा जाए तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए.इस दौरान वेयरहाउस में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेख संधारण तथा अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी समीक्षा की गई.

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण

साहिबगंज - जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है. बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं.इसी क्रम में शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द एवं सदर अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम एवं कर्मियों के साथ गोपालपुर, घीसू टोला, मकई टोला, सहित विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लेते हुए उनके बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया. अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाढ़ प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए राहत एवं खाद्य आपूर्ति कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देने, प्रभावित परिवारों तक समय पर सहायता पहुंचाने तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

## शिक्षक के स्थानांतरण आदेश का अनुपालन कराने की मांग,ग्रामीणों ने डीसी और डीएसई को सौंपा ज्ञापन



राजमहल-प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डुमरी मंगलहाट के ग्रामीण प्रदीप मंडल,अर्चना देवी,सोनिता देवी,राजेश मंडल,अजर कुमार,सरत पदक,पिंकी देवी,जिगयामा कुमारी,संतोष मंडल,कविता देवी,चंदना देवी,पंची देवी,सूरज कुमार मंडल,रेशमा कुमारी,अंजना देवी,राज कुमार सहित अन्य लोगों ने विवादित शिक्षक पंचानन मंडल के स्थानांतरण आदेश का अनुपालन कराने तथा उन्हें पूर्व विद्यालय में वापस नहीं रखने की मांग को लेकर डीसी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन दिया.ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक पंचानन मंडल के विरुद्ध विद्यालय में कथित अनियमितता एवं मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतें पूर्व में की गई थीं.ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजमहल के ज्ञापांक 389,दिनांक 03.08.2026 के आदेश के तहत उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय डुमरी से स्थानांतरित कर उच्च मध्य विद्यालय कन्हैया स्थान में पदस्थापित किया गया था.ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानांतरण के बाद शिक्षक कुछ दिनों तक कन्हैया स्थान विद्यालय गए.लेकिन इसके बाद वहां जाना बंद कर दिया और पुनः डुमरी विद्यालय में रहने के लिए पत्राचार किया.ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक द्वारा गांव के कुछ लोगों से हस्ताक्षर भी कराया गया है.जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके पुनः डुमरी विद्यालय में पदस्थापन के पक्ष में नहीं हैं.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक के घर के समीप विद्यालय होने के कारण उनके विद्यालय में नियमित उपस्थिति को लेकर पूर्व में भी सवाल उठते रहे हैं.साथ ही मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में भी कथित अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं.ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के स्थानांतरण आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है. उन्होंने अधिकारियों से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया है.

## तीन दिवसीय झारखंड राज्य बालक-बालिका जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

साहिबगंज-साहिबगंज में पहली बार तीन दिवसीय 20वीं झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता-2026 का आयोजन हो रहा है. शनिवार को दोपहर 02 बजे इसका शुभारंभ सकरीगली रेलवे ग्राउंड में होगा. आयोजन समिति ने शुक्रवार को साहिबगंज महाविद्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की स्वीकृति एवं मार्गदर्शन व साहिबगंज जिला कबड्डी एसोसिएशन सह आयोजन समिति के तत्वावधान में उक्त प्रतियोगिता होगी. समिति के अध्यक्ष साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत कुमार सोनू, सचिव लालू यादव, उपसचिव उत्तम कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से बालक व बालिका की टीमें भाग लेंगी.

# साहिबगंज में लॉटरी का अवैध कारोबार, तीन राज्यों में फैला है झुनझुनवाला का नेटवर्क

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज-अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़े पी झुनझुनवाला का लॉटरी का अवैध कारोबार तीन राज्यों में फैला है. पी झुनझुनवाला का नेटवर्क बिहार , झारखंड व पच्छिम बंगाल में फैला है.जहां पवन झुनझुनवाला के ब्रांड की लॉटरी की बिक्री होती है. सूत्र बताते है कि साहिबगंज में पी झुनझुनवाला का छपाई लॉटरी अलग-अलग थोक विक्रेता के लिए अलग कोर्ड वर्ड का छपाई होकर साहिबगंज आती है.सूत्र बताते है कि चंदन गुप्ता का सीएसएस, सौरभ साह का एएस, कल्लू का केएल, सन्नी का एसएम सहित ट्रिपल एक्स सहित कई कोर्ड



वर्ड के लॉटरी साहिबगंज जाती है. उसके बाद थोक विक्रेता खुदरा लॉटरी बेचने वाले लोगों को लॉटरी देता है. सूत्र बताते है कि साहिबगंज व आसपास जिले में प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार जिसके कंधे के इर्द- गिर्द घूमता है. उनमें सबसे बड़ा नाम है पी झुनझुनवाला है. जो डेहरी ओनसोन का रहने वाला है. करीब एक दशकों से अधिक समय से लॉटरी के अवैध कारोबार को लेकर किंग रहा है. हाल के दिनों में कई कारोबारी जरूर सामने आए हैं. लेकिन पी झुनझुनवाला का कारोबार कम नहीं हुआ.

उसका साहिबगंज व साहिबगंज के पड़ोसी जिले ही नहीं बल्कि झारखंड, बंगाल से लेकर बिहार तक उसका नेटवर्क फैला हुआ है. साहिबगंज में उसका सबसे करीबी चंदन गुप्ता नामक लॉटरी कारोबारी

है. जो कई वर्षों लॉटरी का अवैध कारोबार कर धनकुबेर बन चुका है. हालांकि लॉटरी के कारोबार करने वाले के लोग बताते हैं कि चंदन से पहले उनके सगे संबंधियों का इस कारोबार से जुड़ाव रहा है.बताया जाता है कि पी झुनझुनवाला वक्त के साथ अपने कारोबार को बड़ा करता गया. साहिबगंज में कई लोगों के इनके कारोबार को आगे बढ़ा रहा है.साहिबगंज व आप-पास जिले में पवन झुनझुनवाला की लॉटरी एक नंबर पर बेची व खरीदी जा रही है.यहां इसे टक्कर देने वाला कोई नहीं है. बता दें कि पवन की सेटिंग कई राज्यों में लॉटरी का कारोबार करने वालों के साथ है.

जारी........

## श्रीकृष्ण को लेकर बरहेट में उमड़ी आस्था रामपुरहाट से भक्त के मायके पहुंचने की चर्चा



बरहेट-बरहेट में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी एक घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही. तांतीपाड़ा निवासी गोपाल तांती की पुत्री के मायके पहुंचने के बाद उनके ठाकुर जी के भी रामपुरहाट से बरहेट आने की बात सामने आई.इसे लेकर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर दर्शन करने लगे.जानकारी के अनुसार गोपाल तांती की पुत्री बीते मंगलवार को रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल) से अपने मायके बरहेट आई थी. बताया जाता है कि वह ससुराल में भगवान श्रीकृष्ण की नियमित पूजा-अर्चना करती थी.शुक्रवार की सुबह लोगों के बीच यह चर्चा फैल गई कि उनके ठाकुर जी श्वेत वस्त्र में उनके पीछे-पीछे रामपुरहाट से बरहेट स्थित मायके पहुंच गए हैं. खबर फैलते ही आसपास के श्रद्धालु उनके आवास पर पहुंचने लगे.घटना को लेकर क्षेत्र में आस्था और भक्ति से जुड़ी चर्चाएं तेज हैं. श्रद्धालु इसे भगवान और भक्त के बीच गहरे संबंध का उदाहरण मान रहे हैं.

## बरहरवा में एसआईआर हेल्प डेस्क शुरू, ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में जुटी कांग्रेस



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा- पूर्व मंत्री जनाब आलमगीर आलम एवं विधायक निसात आलम के निर्देशानुसार बरहरवा स्थित विधायक कक्ष में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एसआईआर हेल्प डेस्क का आयोजन किया जा रहा है. जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के नेतृत्व में संचालित इस हेल्प डेस्क के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीणों को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है.हेल्प डेस्क पर कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की एसआईआर से जुड़ी समस्याओं को सुना जा रहा है तथा उनके यथासंभव समाधान का प्रयास किया जा रहा है.साथ ही ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया एवं एसआईआर से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी जा रही है.कांग्रेसी नेताओं ने प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि एसआईआर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए वे बरहरवा स्थित विधायक कक्ष में संचालित हेल्प डेस्क पर पहुंचकर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें.इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, मास्टर ट्रेनर मुरसलीन खान, नेहाल अख्तर, निताय सरकार, अब्दुल करीम, आलमगीर मंसूरी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे.

## राजमहल में गोदाम से पांच गैस सिलेंडर की चोरी

राजमहल-राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के समीप नाश्ते की दुकान के गोदाम से अज्ञात चोरों ने बांस और टीन के गेट का चैन को काट कर गोदाम में रखे पांच गैस सिलेंडर की चोरी कर फरार हो गया.घटना के संबंध में नाश्ता दुकानदार बबलू राम ने बताया कि शुक्रवार को सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो देखा कि गोदाम में जंजीर कटा हुआ है. गोदाम के अंदर उनका 2 भरा हुआ सिलेंडर तथा मिलन स्वीट्स के संजय साहा ने बताया कि उनका 1 भरा तथा 2 खाली सिलेंडर रखा हुआ था. चोरों ने 3 भरे हुए तथा 2 खाली सहित 5 सिलेंडर की चोरी कर ली.

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया प्रोविडेंस स्कूल प्रशासन, बांटी राहत सामग्री

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज के दियारा व शहरी क्षेत्रों में बाढ़ का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. शहरी क्षेत्र के कई मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं. लोगों के इस मुश्किल में साहिबगंज नगर के प्रोविडेंस स्कूल के शिक्षकों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया.प्रोविडेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर बीना जॉर्ज के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम ने रसूलपुर दहला क्षेत्र में पहुंचकर करीब 300 बाढ़ प्रभावित घरों के बीच सूखा राशन एवं अन्य राहत सामग्री वितरित की.प्रधानाचार्या स्वयं बाढ़ के पानी के बीच पहुंचीं और घर-घर जाकर लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई. स्कूल के शिक्षकों की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया.स्थानीय लोगों ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में आमतौर पर जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन और समाजसेवी संगठन राहत कार्य में आगे आते हैं. लेकिन अब शैक्षणिक संस्थान भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ रहे हैं. लोगों ने कहा कि प्रधानाचार्या का खुद पानी में उतरकर घर-घर राहत सामग्री पहुंचाना सराहनीय कदम है.इस दौरान प्रधानाचार्या सिस्टर बीना जॉर्ज ने कहा कि बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में लोगों को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता. स्कूल केवल बच्चों को शिक्षा देने वाला संस्थान नहीं बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाला परिवार भी है. हमारे आसपास के लोगों को जब भोजन और जरूरी सामान की आवश्यकता है. तो उनकी मदद करना हमारा कर्तव्य है. हमने अपनी क्षमता के अनुसार राहत सामग्री पहुंचाने का प्रयास किया है और जरूरत पड़ने पर आगे भी प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे.उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सभी लोगों को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए. मौके पर स्कूल के शिक्षक आशीष रंजन कुमार, संजीव कुमार, सुमित, अमित सहित स्कूल के अन्य शिक्षक व

## दिसंबर सत्रांत परीक्षा के लिए 30 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क भरें परीक्षा फॉर्म

साहिबगंज–इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केन्द्र देवघर के निर्देशानुसार इग्नू अध्ययन केन्द्र-3605, साहिबगंज महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को सत्रांत परीक्षा दिसंबर 2026 एवं जुलाई 2026 सत्र में नव-नामांकन से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी जारी की गई है.दिसंबर 2026 की सत्रांत परीक्षा के लिए 30 सितंबर 2026 तक बिना विलंब शुल्क परीक्षा प्रपत्र भरा जा सकता है.इसके बाद 1अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक 1,100 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र जमा किया जा सकेगा.वहीं दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षा के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है.विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना सत्रीय कार्य अध्ययन केन्द्र में अनिवार्य रूप से जमा कर दें.इसके अलावा जुलाई 2026 सत्र में नव-नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 है.इच्छुक विद्यार्थी इग्नू के स्नातक,स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन नामांकन करा सकते हैं.

## बाढ़ प्रभावित वार्ड का पार्षद ने किया भ्रमण,सुनी लोगों की समस्याएं

साहिबगंज- नगर परिषद के वार्ड नंबर 07 में बाढ़ और जलजमाव की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को वार्ड पार्षद सुनीता सिंह एवं पूर्व पार्षद जयप्रकाश सिंह ने छोटी शीतला मंदिर,ज्ञानी मोहल्ला, बड़ी शीतला मंदिर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया.उन्होंने प्रभावित लोगों से मिलकर समस्याएं सुनीं और राहत व आवश्यक व्यवस्था का आश्वासन दिया.जलजमाव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया.वहीं लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय खोलने व साफ-सफाई कराने तथा सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने का की बात कही.पार्षद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है.मौके पर पप्पू राम,रेखा देवी,राजेंद्र राम,मीणा देवी,रुक्मिणी देवी,रूपा देवी,कैलाश हरिजन,अंजू देवी,विनोद सिंह सहित वार्ड के कई लोग मौजूद थे.

## साहिबगंज महाविद्यालय में कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन

साहिबगंज महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का शुक्रवार को साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह, जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अनिल कुमार, कॉलेज खेल पदाधिकारी प्रदीप कुजूर ने फीता काट कर किया. प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि हॉल के बन जाने से कॉलेज प्रशासन व छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा. मौके पर कई शिक्षक व छात्र मौजूद थे.

## जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण को लेकर भीएलई को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

साहिबगंज - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी साहिबगंज कुमुदिनी टुडू की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले के सभी बीएससी संचालक/भीएलई के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक हुई.बैठक में जिले में संचालित विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर 2026 के तहत् आवश्यक कार्यों की समीक्षा करते हुए जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रिया एवं आवश्यक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी सभी भीएलई को दी गई. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सीएचसी संचालक/भीएलई को निर्देश दिया कि पात्र नागरिकों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र हेतु ऑनलाइन आवेदन नियमानुसार एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप सुनिश्चित करें. ताकि एसआईआर कार्य के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.उन्होंने कहा कि एसआईआर 2026 की प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने में सीएससी संचालकों एवं भीएलई की भूमिका महत्वपूर्ण है. सभी संबंधित कर्मी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें.

## एसडीपीओ ने की लंबित कांडों की समीक्षा

राजमहल-राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को राजमहल थाना पहुंचकर लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए विभिन्न मामलों के अनुसंधान की प्रगति की जानकारी थाना प्रभारी हसनैन अंसारी से ली. इस दौरान लंबित कांडों के निष्पादन, आरोपियों की गिरफ्तारी, साक्ष्य संकलन तथा अनुसंधान की वर्तमान स्थिति की बारीकी से जानकारी ली. उन्होंने लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने तथा अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया.


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, DUMKA**

**E-Procurement Notice**
**Tender Reference No.- RCD/DUMKA/1621**
**Date 10.09.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Widening and Strengthening/Reconstruction Work of Govindpur-Sahebganj ADB Road (SH-18) from Km 139.00 to Km 190.930 (Total Length-51.930 Km) Road to Two Lane with Paved Shoulder under Road Division Dumka for the year 2026-27. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 280,47,58,431.00 |
| 3 | Time of completion | Two Years |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 25.09.2026 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 26.10.2026 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 27.10.2026 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR 389541 (Road)26-27*D



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**

**ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | उपकारा, राजमहल। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, चीनी एवं विविध सामग्रियों के क्रय/ आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। **चतुर्थ त्रैमासिक (दिनांक 01.10.2026 से 31.12.2026 तक)** |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–23.09.2026 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 28.09.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि। | तिथि–23.09.2026 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 28.09.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–29.09.2026 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (अनुमानित मुल्य का 3%) जमा करने की तिथि। | तिथि–23.09.2026 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 28.09.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक। केवल online स्वीकार की जायेगी। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि– 30.09.2026 को पूर्वाह्न 09:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा, राजमहल के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उपकारा, राजमहल

PR 389526 District(26-27)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, DUMKA**
**E-Procurement Notice**
**Tender Reference No.- RCD/DUMKA/1619 Date 10.09.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Widening and Strengthening/Reconstruction Work of Kherabani (SH-15) – Ranighaghar (ADB) Road (Total Length-9.172 Km) under Road Division Dumka for the year 2026-27. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 35,08,63,069.00 |
| 3 | Time of completion | Nine Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 28.09.2026 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 22.10.2026 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 23.10.2026 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka

PR 389539
Road(26-27)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, देवघर।**

पत्रांक 675 / देवघर, दिनांक 10/09/2026

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 664, दिनांक 03.09.2026 द्वारा ई० निविदा आमंत्रण सूचना– RDD/SD/DEOGHAR/01/2026-27, (मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत 1. देवघर जिला के पालोजोरी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत महुआडाबर आमगाछी जोरिया में पुल निर्माण, 2. देवघर जिला के पालोजोरी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत बसहा में जमुआ से तेलंगा रोड में पुल निर्माण (तेलंगा मोड जोड़ने का मार्ग है) एवं 3. देवघर जिला के सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत कचुवाबॉक से गोपलारायडीह के बीच जोरिया में पुल निर्माण), जिसका PR No. 389107 Rural Development (26-27)_D से संबंधित आमंत्रित ई० निविदा को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर।

PR 389561 (Rural Development) 26-27 (D)

# मंत्री दीपिका पांडेय दो़य उढ़ाउ केदा पलाश दीदी कैफे



**खोबोरिया**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह दो़ सोकोलवार हिलोक् रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय छाटका रे पलाश दीदी कैफेए उढ़ाउ केदा। नोआ ओ़पसो़र रे उनीय मेन केदा जे नोआ कैफे एकेन झारखंडरेयाक् पारंपरिक आर पौष्टिक जो़माक् रेयाक् केंद्र गे बाङ, बो़रो़ङ आतो टोला मायजिवको हुना़र, श्रम, स्वाभिमान आर निजटेहाड रे नावां मंच एमावाको रेयाक् जा़रूड़आनाक् पोंथा काना। मंत्री दो़य मेन केदा जे आतो टोला मायजिवको ओनकोवाक् हुना़र लेकाते सिखिना़त एमावाको तायो़म ऋण आर वित्तीय गो़ड़ों एमावाको काना। नितओनकोवाक् उत्पाद आर सेवाको बाजार सांव जोड़ाव काते स्थायी स्वरोजगार ओ़पसो़रको बेनावेत् काना। पलाश होतेते गो़गो़ दो़ल रेनमायजिवको सेच् खो़न बेनावो़क्कान टोठारिया़ आर पारंपरिकउत्पादको फायलाव बाजार, बेसता़र उपरूम आर सा़ही दाम एमावाक्को कुरूमुटुयेत् काना। उनीय मेन केदा जे सरकारी ओ़रामको आरजुदा़-जुदा़ संस्थानको रे पलाश सांव जोड़ाव दीदिकोवाक् उत्पाद बेनावसामान आर जो़माक् जिनिसको प्राथमिकता एमावाक् ला़गित् जेएसएलपीएसदो़ लागातार गेय का़मीयेत् काना। सरकार दो़ पुरा़उ पो़नो़त रेपलाश दीदी कैफेए फायलाव पासनावा। दाराय तुरूई चान्दो ते रांची रेपो़नो़त रेयाक् पा़हिलाक् पलाश मार्ट उढ़ा़उ रेयाक् जो़स मेनाक्आ।भगवान बिरसा जैविक उद्यान रे हों उसा़रा गे पलाश दीदी कैफे एहो़बो़क्आ। नोआ ताक रे जेएसएलपीएस रेन सीईओ अनन्य मित्तल,आईएएस अधिकारी अंजलि यादव घालो़क् एटाक् आर अधिकारीको सेलेत् ताहेंकाना।

## उयहा़र हिजुक् काना गो़ आमाक् दिसा़



**विमल मुर्मू**

(आतो- रूपुचॉक, पो.-नेपुरा काकना,
थाना-पाथरगमा, जिला- गोड्डा।)

तेहेञ सेताक् जो़क्-राचा काते,
दुडुप् एना़ञ कुड़ा़म साते।
चेत् चो़य रो़रो़ड़ कान फाकार-फुक्रुर मारा आयो
एन्तेत् बाको मों़जले गुतया़-नोआ नाडे-पासे!
बाबा सेताक् खो़न गे ञू भुचा़ड़ बुल निसा़,
उयहा़र हिजुक् काना गो़ आमाक् दिसा़।

दाकाञ ईसिन केदा जाहाँ लेकाते,
एन्तेत् सेंगेल इञाक् घाने जोलोक् घाने हापेक्।
हिजुक् चालाक् हो़ड़ ओ़को़य ता़नखीले?
काथा-काथा ते रो़ड़िञ आँञ्जो़मको 'नो़को़ आपाहो़न,
तिना़क् दाया मासे!'
दुडुप् ञापाम रो़ड़-लान्दा, ला़याञाको आमाक् किसा़,
उयहा़र हिजुक् काना गो़ आमाक् दिसा़।

आम बाङ ते बासकेयागो़क्कानले तारासिञ काते
दिन रेयाक् का़मी आं़दुक्-मां़दुक्!
चाबाक् काना आ़युप् काते,
नित मा थोड़ा़ दिन गे पारो़माकान,
आम बेगो़र ते बेहिरला़ आपाहो़न ताहेंनाले चेकाते?
जियोन रेयाक् मिमित् ताड़ाम हो़र रे;
मेनाक् आमाक् हा़टिञ आमाक् हिसा़,
उयहा़र हिजुक् काना गो़ आमाक् दिसा़।

दिन पारो़मो़क् सिंञ-ञिन्दा़ आ़डी जाला ते
उनीय बाडाया नोआ दुख, जाहाँय मेनाय गो़गो़ बाङ ते,
गो़गो़य हासायेन, गो़गो़य धुड़ीयेन,
जियोन रेयाक् इञाक् मित् बेलाय हा़सुरेना,
चान्दो ठेन कुकली नोआ- 'चेत्इञ का़सुराना?
बो़यहातिञ कालाङ-डोलांङ, बाबा हाले-ढाले,
इञ मा हायनिसा़स!
हायरे चान्दो! चेत्ताम लिला़, चेत्ताम किसा़?
उयहा़र हिजुक् काना गो़ आमाक् दिसा़।
(हापे--एमो़गो़क्कान ओ़नो़ल से ओ़नो़ड़हें रेयाक्
मो़तलो़ब आर जो़सतेत् दो़ ओ़लो़क्कोवाक्।)

# डिजिटल आर नाहांक् जुग रे हिन्दी रेयाक् रा़गा़उ, संथाल परगना महाविद्यालय रे ओरामेना जो़बो़र हापाराव, अजय आर निशु ता़किनकिन हामेट केदा पा़हिल ठांव

**खोबोरिया**

**दुमका।** टोठाकिया़ संताल परगना महाविद्यालय रे हिन्दी दिवस ओ़पसो़र रे राजभाषा हिन्दी रेयाक् रा़सका़ ञेलेना। महाविद्यालय रेयाक् हिन्दी विभागाक् आ़युर रे पा़ठवा़को ताला रे ओ़नो़ल ओ़लो़न आर भाषाणा हापाराव ओरामेना। नोआ का़मीहोरा रेयाक् आसो़ल जो़स दो़ डिजिटल आर विश्व रे हिन्दी रेयाक् पासनाव इदिक्कान दाड़े, नोआ रेयाक् मो़हो़त आर नोआ रेयाक् एनेम बाबो़त रे जुवा़न पीढ़ी बाडाय ओचोको रेयाक् ताहेंकाना।



-------------------------

**भाषण आर ओ़नो़ल रे पा़ठवा़ दो़ आपनार मो़ने लेकाको दो़हो़ केदा आबोवाक् हुदिस**

का़मीहोरा रे भाषण हापाराव रेयाक् आसो़ल साताम दो़ ''वैश्विक स्तरपर हिन्दी का महत्व'' दो़हो़वाकान ताहेंकाना। आर से नो़ते, ओ़नो़लहापाराव दाराय ते पा़ठवा़ दो़ ''डिजिटल युग में हिन्दी का महत्व''साताम रे आपनार ओ़नो़ल आर जा़दूको उदुक् केदा। नोवाकिन बानार हापाराव रे महाविद्यालय रेयाक् जुदा़-जुदा़ विभाग रेन पा़ठवा़ दोआ़डी रा़सका़ सातालाक्को सेलेत् एना आर आपनाराक् हुना़रको उदुक् केदा।

-------------------------

**हापाराव रेयाक् रिजल्ट ताहेंकाना आ़डी जो़बो़र**

भाषण हापाराव रे आपनाराक् हुना़र उदुग सांवते हिन्दी विभाग रेन अजय कुमार मंडल दो़ पा़हिल ठांवे हामेट केदा। वाणिज्य विभाग रेनमुक्ति खातून दो़ दोसार आर हिन्दी विभाग रेन विभीषण मांझी दो़ तेसारठांवे हामेट केदा। आर से नो़ते, ओ़नो़ल ओ़लो़न हापाराव रेपुरा़उ ते हिन्दी विभाग रेन पा़ठवा़कोवाक् दबदबा ताहेंकाना। निशु कुमारी दो़ आपनार जो़बो़र ओ़लो़न ते पा़हिल , सुमन कुमारी दो़दोसार आर शिलवंती हांसदा दो़ तेसाय ठांवे हामेट केदा।

-------------------------

**हिन्दी रेयाक् पानाड़हाव आर रा़खीजोगाव ला़गित्को लाहायेना जुवा़न**

का़मीहोरा आ़युर तुलुच् महाविद्यालय रेन प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसादयादव दो़ राजभाषा हिन्दी रेयाक् गो़रो़बान नागाम आर बो़दो़लो़क्कान वैश्विक आर डिजिटल जुग रे नोआ रेयाक् ला़कतीबाबो़त रेय ला़ई केदा। उनी दो़ पा़ठवा़को उसकुरको तुलुच्ए मेन केदा जे जा़सतीकायते हिन्दी बेवहार, पाड़हाव आर ओना रा़खी जोगावला़गित् ते जुवा़न पीढ़ दो़ मित् तालाव कुरूमुटूय लेककान ताकोआ।

-------------------------

**नोकोको सेटेरेना मानो़तान**

हापाराव रे निर्णायक मंडली रे हिन्दी विभाग रेन प्रो. पुष्पा सोरेन आर डॉ. अजीत कुमार सिंह ता़किनकिन ताहेंकाना। का़मीहोरा दो़ डॉ. यदुवंश यादव होतेते नापाय सा़हिच् ओराम आर चालाव-बानावेना।उनी दो़ का़मीहोरा मुचा़त् रे सेटेरेन पेड़ाको, माहासो़यको आरहापाराविया़ पा़ठवा़कोय सारहाव केत्कोआ। नोआ ओ़पसो़र रे डॉ.कुमार सौरभ, डॉ. कमल शिवकांत हरी, डॉ. उपेंद्र कुमार, प्रो. मनीषा कच्छप, डॉ. मिताली बिश्वास आर डॉ. सुजीत आर्याय सेटेराकानेताहेंकाना।

# कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड रे नौवाडीह सोर खो़न मित् हो़ड़ाक् मांड़ीं ञामेना



**खोबोरिया**

**कोडरमा।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ दो़ कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड रेयाक् रेलवे ट्रेक आड़े खो़न सोकोलवार हिलोक् मित्टेन मांड़ीं ञाम आकाना।

कोडरमा थाना टोठा रेयाक् लोचनपुर रेयाक् नौवाडीहरे मेनाक् पोल सं या 7/3 सोर रे सोकोलवार हिलोक् आ़डी सेताक्रे ट्रेन ते मित् हो़ड़े तेन तो़पाक् एना। गो़च्एन दो़ सिंटू सिंह 45उमा़र, आपात सरजू सिंह उर्फ रविंद्र सिंह, ग्राम बरबीघा शेखपुराबिहार रेने बाडाय आकाना। टोठारिया़ हो़ड़ दो़ तिनरे ट्रेक आड़ेसेच्को ञेल केदा तो़बे मित्टेन तेन तोपाक् मांड़ींको ञेल ञामकेदा। नोआ काथा दो़ तुरा़ंत गे रेल पुलिसको खो़बो़रात्कोआ।बाडाय सांवते गे कोडरमा आरपीएफटीम दो़ ताक रेको सेटेरेना आरघो़टो़ना ठांव रेयाक् कुलीजोङ तुलच् जांचको एहो़प् केदा।मांड़ीं पोस्टमार्टम ला़गित् सदर हासपाताल तेको कोल केदा। आरपीएफ दो़ नोआ मामला सदर थाना पुलिस ठेनको ला़ई केदा। एहो़प् जांच रेकोसोंदहो़क् काना जे हो़ड़ दो़जाहांटाक् ट्रेन खो़न ञुरहा़ गो़च्तानाक् आकाना। चाहे, पुलिस दो़ नित जाहांन निष्कर्ष रे बाको सेटेर आकाना। घो़टो़ना रेय गो़च् एना से जाहांन ओ़जे मेनाक्आ, नोआ काथा दो़ जांच आर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् तायो़म गे बाडाय दाड़ेयाक्आ।

# टोठाकिया़ बेनाव जिनिस वैश्विक बाजार हा़बिच् सेटेरे रेयाक् साप्-सापड़ाव, 20 मिनी कोल्ड स्टोरेज बेनाव रे जोर



**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला रेयाक् चासबास, बिर आर टोठाकिया़ बेनाव जिनिसको दो़ राष्ट्रीय आर अंतरराष्ट्रीय बाजारे ञाम डाहार रे जिला प्रशासन दो़ आयाक् कुरूमुटू ता़पिस रेयाक्ए गोटा केदा। जा़रूमाहां हिलोक् जिला समाहरणालय सभागार रे उपायुक्त मनीषकुमाराक् आ़युर रे जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समितिकोवाक्दुपुडुप् होय एना। नोआ रे जिला रेयाक् सिरजो़निया़ जिनिसको आरटोठाकिया़ बेनाव जिनिसको निर्यात रेयाक् दाड़े बाबो़त रेकोगापालमाराव केदा।दुपुडुप् रे जिला उद्योग केंद्र रेन महाप्रबंधक दो़ जिला रे निर्यात जोरा़त् ला़गित् ते इंजीनियरिंग जिनिसको बाबो़त रे बानाडाये एम एना।अधिकारीको ला़ई केदा जे पश्चिमी सिंहभूम दो़ लौह अयस्क आर चूनापत्थर लेकान खनिज जिनिसको ते पेरेच् आकान मेनाक्आ। नोआ सांवतेजो़म जिनिस, रेशम आर एमान तेयाक् टोठाकिया़ बेनाव जिनिसको हों मों़ज ते बेनाव काते बाहरे रेयाक् बाजार हा़बिच् सेटेरदाड़ेयाक्आ। चेंबर आयुरमांडेर दो़ जिला रे मेनाक् लघु वनउत्पादको सेच् खो़न हों समितियाक् धियानको आ़चुर केदा। नीम, सिंजा़, बिर रेयाक् जो़को आर कोद लेकान जिनिसको जारवा कातेओना ते नावां जिनिस बेनाव, पैकेजिंग आर विपणन रेयाक् मों़जबेबो़सता दिड़होय रे जोरको एमावादा।विदेश व्यापार महानिदेशालय रेन आयुरमांडेर देव कुमार दो़य ला़ईकेदा जे जिला निर्यात कार्ययोजना दो लाहा खो़न गे बेनाव ठीक आकाना।दुपुडुप् रे सहायक निदेशक, विदेश व्यापार महानिदेशालय होतेते निटआकान प्रारूप लेकारे जा़रूड़ो़क्आक् सुधरा़उ तुलुच् का़मीपोन्थादो़ दोड़हा ते समिति सामाङ रे सो़दो़र रेयाक् बातलावात्कोआ।उपायुक्त मनीष कुमार दो़य मेन केदा जे जिला रे प्राकृतिक आर टोठाकिया़ जिनिसको दो़ आयमा गेया। ला़कती दो़ मेनाक्आ नोवाकोजिनिस ओरोम काते ओना रेयाक् दा़मान जिनिस बेनाव आर ओना रेयाक् मों़ज पैकेजिंग रेयाक्। नोवाते चा़सीको, टोठाकिया़ बेनाव जिनिसको आर स्वयं सहायता समूहकोआर उद्यमिको दो़ ला़टू बाजार सों़गे जोड़ावको सांवते रोजगाररेयाक् नावां ओ़पसो़र हों सिरजा़क्आ।दुपुडुप् रे कृषि आर बागवानी जिनिसको बांचाव ला़गित् ते जिला रे20 गो़टेच् मिनी कोल्ड स्टोरेज बा़ईसा़उ ला़गित् का़मीय बाखराय बातवालात्कोआ। नोआ छाडा ओत चास आर दुमुर आ़सुल जोरा़त् ला़गित्नोवाको जिनिस दो़ बाजार सों़गे जोड़ाव रे हों जोरको एमावादा।

# बॉक्स ऑफिस रे डामड़ा़हियेना 'मिर्जापुर : द मुवी, दुनिया़ भोर रेय कामाव केदा 213 करेड़ टाका



**खोबोरिया**

**मुंबई।** पंकज त्रिपाठी, अली फजल आर दिव्येंदु लेकान नामडाक एक्टर मेनाक्को 'मिर्जापुरः द मूवी' दो़ बॉक्स ऑफिस रे आ़डी मो़ज चालाक् काना। 4 सितंबर हिलोक् सिनेमा ओड़ाक् रे रिलीज लेन नोआफिल्म दो़ मो़ठे मित् हापता भितरी ते गे दुनिया़ भोर रे 200 करोड़टाका खो़न हों बा़ड़तीय कामाव केदा। फिल्म दो़ नित हा़बिच् तेमोटामुटी 213 करोड़ टाका विश्व रेय कामाव चुका़उ केदा, एण्डेखानभारत रे नोआ रेयाक् कामाव दो़ 148 करोड़ टाका हा़बिच् गेसेटेर आकाना। फिल्म दो़ आसो़काय ते उत्तर प्रदेश आर बिहाररेयाक् सिंगल-स्क्रीन सिनेमा ओड़ाक् रे खुप् चालावेना। पुरा़ हापता फिल्म रे कामाव दो़ आ़डी मो़ज गेया आर सा़रदीमाहां हिलोक् हों़नोआ दो़ 10 करोड़ टाका खो़न हों बा़ड़ती नेट कलेक्शन केदा।ञिन्दा़ सेयाक् शो रे हो़ड़ दो़ पुरा़को भीड़ आकात् ताहेंना। दिसा़म भोर रे फिल्म रेयाक् ऑक्युपेंसी दो़ मोटामुटी 43 प्रतिशत मेनाक्आ, एण्डेखान लखनऊ आर जयपुर लेकान बाजार रे नोआ डेटा दो़60 प्रतिशत खो़न हों बा़ड़तीको रिकॉर्ड केदा। दुनिया़ भोर रे 213करोड़ टाका कामावकेत् सांवते 'मिर्जापुरः द मूवी' दो़ निया़बो़छो़र रेयाक् जो़तो़ खो़न ढेरे कामावकेत् हिंदी फिल्मको मुद रेमो़ड़ेयाक् जायका रे सेटेरेना। भारत सांवते विदेशी बाजार रेहों मो़ज गे हो़ड़को ञेलेत्कान ते नोआ रेयाक् कामाव दो़ढेरेना। नित नोआ फिल्म दो़ टॉप 3 रे हिजुक्आ। दारायकान दिन रे तिना़क्ए कामावा नोआ ञेल होयोक्आ।

# महाराष्ट्र भंडारा रे टेराक-बोलेरो तालारे ठो़को़रेना 9 गोटेच् हो़ड़को बेण्डावेना



**खोबोरिया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र रेयाक् भंडारा जिला रेयाक् लाखनी तहसील रे पिंपलगांव सोर रे नागपुर-रायपुर हाइव रे होला सेताक् टेराकआर बोलेरो तालारे ठो़को़र एना। नोआ रे आरे गोटेच् हो़ड़को बेण्डाव एना आर आरे गोटेच् दो़को घा़ल एना। हाइवा पुलिस लेकाते,घा़लको दो़ भंडारा रे मेनाक् सरकारी मेडिकल कॉलेज आरहासपाताल रेको इदी केत्कोआ ओण्डे गा़हिर रूप ते घा़लको दो़नागपुर तेको रेफर आकात्कोआ। मित्टेन पुलिस अधिकारी दो़यला़ई केदा जे छत्तीसगढ़ रेन आदो़म मायजिवको आर एटाक्का़मिया़को बोलेरो ते नागपुर सेच्को सेनो़क्कान ताहेंना। लाखनीसोर रे पिंपलगांव इलाका रे पेट्रोल पंप आर भाऊचा ढाबा सोर हाइवा आड़े रे तेंगोवाकात् टेराक गा़डी सांवते आचकागे बोलेरोठो़को़र एना। नोआ घो़टो़ना रे इरा़ल हो़ड़को गो़च् एना आरमित् टेन दो़य घा़लेन ते हासपाताल रे रानेकान ताहेंन ताक रेय गो़च् एनां गो़च्एनको रे तुरूई गोटेच् मायजिव आर पेया गिदरा़कोताहेंकाना। नोआ घो़टो़ना रे घा़लेन आरे गोटेच् हो़ड़ दो़तुरा़ंत गे हासपाताल तेको इदी केत्कोआ। घो़टो़ना बाडाय सांवते गेगड़ेगांव रे मेनाक् हाइवा पुलिस रिलीफसेंटर रेन प्रमुख रवींद्ररेवतकर आच् रेन दो़लको सांवते आर भंडारा पुलिस अधिकारीकोसालाक् ताक रेय हेच् एना। टोठारिया़ आतो हो़ड़ाक् गो़ड़ों तेपुलिस आर बंचाव दो़ल दो़ घो़टो़नला बा़ड़िच्एन गा़डी रेफासावाकान हो़ड़को ओडोक बाहरे केत्कोआ आर घा़लको दो़ हासपाताल तेको इदी केत्कोआ। नोको दुखा़लीको दो़ उपरूमको होयोक् काना।

## महाराष्ट्र रे पेया सो़ड़ो़क घो़टना रे 21 हो़ड़को गो़च् एना

**मुंबई।** महाराष्ट्र रेयाक् अहिल्यानगर, भंडारा आर नांदेड़ जिला रे पारो़मेन 12 घांटा रे पेया सो़ड़ो़क घो़टना रे 21 हो़ड़को गो़च् एना आर आयमा हो़ड़को घा़लेना। नोआ घो़टना रे मायजीव आरका़टिच् गिदरा़को हों सेलेत् मेनाक्कोआ। पुलिसाक् ला़ई लेकाते पा़हिल घो़टना दो़ अहिल्यानगर जिला रेयाक् भलवानी शिवरा टोठारे होयेना। ओण्डे अहिल्यानगर-कल्याण हाईवे रे होटल संदीप सामाङ रेपारो़मेन ञिन्दा़ मोटामुटी 2 बजे आयशर टे़पो आर कारआमने-सामने ठो़को़रेना। नोआ घो़टना रे कार रेको देच् आकानताहेंन मित् घारो़ंज रेन गे पोन हो़ड़को गो़च् एना। गो़च्एनहो़ड़ाक् पाछनाव दो़ शकील शेख, उनी आच् बा़हु सलमा शेख, इकबालशेक आर सुमैया शेख ताको रूप रे होय आकाना। जाँच रे बाडायेना जे जो़तो़ हो़ड़ गे मुंबई रेयाक् मालवणी टोठा रे गिरा़बा़सीकोताहेंकाना आर पेड़ा़ हो़ड़ सांव ञापामो़क् ला़गित् ते अहिल्यानगरतेको चालाक्कान ताहेंना। मामला रे अल्ताफ शब्बीर शेख (52),गिरा़बा़सी मुकुंदनगर अहिल्यानगर दो़ पारनेर पुलिस थाना रेय ला़लिसकेदा। ला़लिसको ञामकेत् लेका रे शकील शेख दो़ आयाक् गा़डी ते घारो़ंज रेन हो़ड़ सालाक् कार ते अहिल्यानगर तेको चालाक्कानताहेंना। भलवानी शिवरा रे होटल संदीप सामाङ रे सामने खो़नहिजुक्कान ताहेंन आयशर टे़पो दो़ उनीयाक् कारे ठो़को़र केदा।घो़टना रे कार गा़डी रेको ताहेंकान पोन हो़ड़ दो़ गा़हिर रूपतेको घा़लेना। टोठा रेन हो़ड़ दो़ उसा़रा ते एंबुलेंस वालाकोखो़बो़रात्कोआ आर घा़ल आकान हो़ड़ दो़ पारनेर ग्रामीण अस्पतालतेको इदीकेत्कोआ। मेनखान डॉक्टर दो़ जाँच बाड़ा़ कातेत् पोन हो़ड़ गो़च्एनको सारसादले केदाय। घो़टना होयेन तायो़म आयशरटे़पो चाक्लाविच् दो़ ओण्डे खो़ने दा़ड़ ताप् केदा। पुलिस दो़ मामलाको जाँचेत् काना।

# वैज्ञानिककोवाक् कमाल: हो़ड़ाक् पॉटी ते 42 प्रतिशत खो़न ढेर केटेच् बेनाक्आ कांक्रीट



**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** जाहांय हो़ड़ पॉटी दो़ बेकार आर हिरका़को मेतावात् काना, नोआ दो़ फ्लश कातेत्को आ़तु गो़त्काक् काना। नो़ते नितकंस्ट्रक्शन टोठा रे मित्टेन क्रांति आ़गुय ला़गित्। वैज्ञानिकको दो़ नोआ पॉटी ते मित्टेन नोङकान जिनिसको बेनावाकादा जे नोआ दो़ कांक्रीट केटेच् ला़गित् ते गो़ड़ो़य ञाम दाड़ेयाक्आ। मित्टेननोआ शोध रे नोआ बाडायेना जे सेप्टिक टैंक आर सैनिटेशन सिस्टमखो़न ओडोगो़क्कान हो़ड़का़ इच् दो़ आसो़लकाय ते ट्रीट कातेत्को बेनाव आकात् बायोचार दो़ जुदी सीमेंट रे थोड़ा़ गान बेवहार लेखान तो़बे नोआ दो़ कांक्रीट रेयाक् मित्टेन मो़हो़तानाक् केटेच् रे 42 प्रतिशत हा़बिच् इजाफा होय दाड़ेयाक्आ।

# दुमका स्टेशन के यात्री शौचालय में लटका ताला, यात्रियों को भारी परेशानी

## अकेले सफर कर रहे यात्रियों को सता रहा सामान चोरी का डर, रेल प्रशासन मौन

### • शौच के लिए स्टेशन से बाहर जाने को मजबूर यात्री

**एस.के.झा. सुमन**

**दुमका ।** संताल परगना के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शुमार दुमका रेलवे स्टेशन इन दिनों बुनियादी नागरिक सुविधाओं के घोर अभाव से जूझ रहा है। इस स्टेशन से भागलपुर, पटना, देवघर, कोलकाता और गोड्डा जैसे महत्वपूर्ण शहरों के लिए करीब एक दर्जन यात्री ट्रेनें रोजाना रवाना होती हैं। इसके बावजूद यहां आने-जाने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि स्टेशन परिसर में महिलाओं के लिए एक अदद चालू बाथरूम तक मयस्सर नहीं है।

शुक्रवार को संताल एक्सप्रेस की टीम द्वारा स्टेशन परिसर का जमीनी मुआयना किया गया। इस दौरान दावों और जमीनी हकीकत का बड़ा अंतर




सामने आया। परिसर में बना इकलौता शौचालय और वॉश रूम ताले में बंद पाया गया। खिड़की से झांकने पर पता चला कि वह अंदर से बेहद गंदा और बदबूदार था। देखरेख के अभाव में करोड़ों की लागत से बना यह स्टेशन सिर्फ दिखावे का केंद्र बनकर रह गया है।

स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि परिसर में न तो साफ शौचालय है और ना ही शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था। अगर किसी महिला या पुरुष यात्री को शौच या पेशाब की जरूरत होती है, तो उन्हें स्टेशन परिसर से काफी दूर बाहर जाना पड़ता है। सबसे बड़ी मुसीबत उन यात्रियों के सामने आती है जो अकेले सफर कर रहे हैं और जिनके पास भारी सामान है। ऐसे में उन्हें अपने सामान को भगवान भरोसे छोड़कर बाहर जाना पड़ता है, जिससे चोरी का डर हमेशा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेल प्रशासन के इस उदासीन रवैये पर गहरी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि एक तरफ रेलवे आधुनिकता के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं की गरिमा और यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। यात्रियों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान ले और बंद पड़े शौचालयों को तुरंत साफ करवाकर चालू करे, ताकि लोगों को इस फजीहत से राहत मिल सके।

# बंद खदानों से पत्थर खनन की शिकायतों की जांच कर रहा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

## शिकारीपाड़ा के सालबोना में एक खदान संचालक को नोटिस



**डॉ.सुमन सिंह**

**दुमका।** पर्यावरण सहमति (ईसी) के रिन्यूअल में अड़चन और कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) की अवधि समाप्त होने के कारण संताल परगना में 77 पत्थर खदानें विभागीय रिकॉर्ड में अस्थायी रूप से बंद हैं। वहीं, कई बंद खदानों से भी पत्थर खनन किए जाने की शिकायत झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को मिली है। इन शिकायतों की जांच की जा रही है।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका की टीम ऐसी शिकायतों की जांच में जुटी है।जांच के दौरान शिकारीपाड़ा प्रखंड के सालबोना में एक पत्थर खदान से संबंधित मामले में संचालक को नोटिस जारी किया गया है। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार सालबोना में तीन पत्थर खदानें फिलहाल अस्थायी रूप से बंद हैं।

दुमका जिले में कुल 13 पत्थर खदानें विभाग के रिकॉर्ड में अस्थायी रूप से बंद बतायी गयी हैं। इनमें शिकारीपाड़ा के सलबोना की तीन खदानों के अलावे सिउलीबोना में एक, चित्रागड़िया में दो, पहाड़पुर में दो सहित अन्य क्षेत्र की खदानें शामिल हैं।वैध पर्यावरणीय अनुमति अथवा सीटीओ के बिना खनन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, तो जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई हो सकती है।सालबोना में जारी नोटिस को इसी जांच प्रक्रिया की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

### अस्थायी रूप से बंद पत्थर खदानें

- दुमका- 13
- देवघर- 3
- गोड्डा-1
- जामताड़ा- 2
- पाकुड़-35
- साहिबगंज- 23

## दुमका में जनजातीय शिल्पकार मेले का आयोजन



**दुमका ।** इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को जनजातीय शिल्पकार पंजीकरण मेला का भव्य आयोजन किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत ट्राइफेड द्वारा आयोजित इस मेले का उद्घाटन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने किया। इस शानदार पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के आदिवासी शिल्पकारों की मेहनत और उनके हुनर को पहचान दिलाकर उनके उत्पादों को एक बड़ा राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना है।

मेले में जिले के 55 जनजातीय शिल्पकारों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इन शिल्पकारों ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करते हुए टसर सिल्क, बांस के उत्पाद, धातु से बना डोकरा आर्ट, प्रसिद्ध जादोपटिया चित्रकला, पारंपरिक आभूषण, हाथ से बने कपड़े और जैविक उत्पादों की शानदार प्रदर्शनी लगाई, जिसने सभी का मन मोह लिया।

## तय समय पर पूरे हों प्रोजेक्ट : डीसी

**दुमका।** जिले में चल रहे विकास कार्यों और निर्माण योजनाओं को लेकर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सख्त हिदायत दी है। शुक्रवार को विभिन्न अभियंत्रण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई एक अहम समीक्षा बैठक में उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अहम बैठक में विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, आरईओ, एनआरईपी, सिंचाई और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कामकाज की एक-एक कर बारीकी से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की वर्तमान स्थिति, काम की रफ्तार और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि आम जनता की भलाई के लिए चलाई जा रही इन महत्वपूर्ण योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य शत-प्रतिशत निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होने चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने इन प्रोजेक्ट्स को बिना किसी देरी के तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

## सदर अस्पताल बचाने के लिए सड़क पर उतरेगी सिविल सोसायटी, 15 से शुरू होगा जनआंदोलन



**दुमका।** शहर के सदर अस्पताल को यथावत रखने और चरमराई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर सिविल सोसायटी, दुमका ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। दुमका परिसदन में सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर एक चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन के पहले चरण में आगामी 15 सितंबर 2026, दिन मंगलवार को शहर के टीन बाजार चौक पर एक विशाल नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी सीधा संदेश दिया जाएगा। बैठक में यह जानकारी दी गई कि सदर अस्पताल को पूर्व की तरह सुचारू रखने के लिए सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल संताल परगना के आयुक्त और सिविल सर्जन से मुलाकात कर चुका है। इसके अलावा स्थानीय सांसद, दुमका, जामा, जरमुंडी व शिकारीपाड़ा के विधायकों, उपायुक्त, राज्य के स्वास्थ्य सचिव, जिला अधिवक्ता संघ और चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई प्रमुख संगठनों को पत्र लिखकर जनहित में समर्थन मांगा गया है।

## लगातार बारिश में महिला का मकान ढहा

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के रानीघाघर पंचायत अंतर्गत मोहलबना गांव में बीती रात लगातार हुई बारिश के कारण एक विधवा महिला का मिट्टी का मकान ढह गया। मकान गिरने से चंचला देवी के परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित रहे। बताया गया कि चंचला देवी के पति बासुदेव राय की करीब पांच वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद से चंचला देवी पर परिवार की पूरी जिम्मेदारी आ गई। वह मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह अपने दो बेटियों, एक बेटे और वृद्ध ससुर का भरण-पोषण करती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मकान की मरम्मत कराना भी उनके लिए संभव नहीं हो पाया। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण मिट्टी की दीवारें कमजोर हो गई थीं और बीती रात अचानक मकान ढह गया। मकान गिरने से घर में रखा सामान भी प्रभावित हुआ है।

## बिजली के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण

**सरैयाहाट संवाददाता।** बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान हँसडीहा के लोगों का सब्र शुक्रवार की अहले सुबह जवाब दे गया। लंबे समय से जारी बिजली कटौती, कम वोल्टेज और ओवरलोड की समस्या से नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए। देखते ही देखते गांधी चौक के आसपास चारों दिशाओं की सड़कें जाम हो गईं। करीब तीन घंटे तक चले जाम में हजारों वाहन फंसे रहे। कांवरिया वाहनों की लंबी कतार लगने से श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोगों का कहना था कि हँसडीहा जैसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र में बिजली की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बार-बार बिजली गुल होने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ दुकानदारों और व्यवसायियों को भी भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने स्पष्ट कहा कि अब आश्वासन नहीं, बल्कि बिजली व्यवस्था में स्थायी सुधार चाहिए। जाम की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी राहुल कुमार शानू और थाना प्रभारी अजीत यादव मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर समाधान का भरोसा दिलाया।

## जाम में फंसी सोरेन परिवार की बड़ी बहू, सरकार पर साधा निशाना

# बालू गिट्टी की हो रही लूट, बिजली और सड़क के लिए तरस रही जनता : सीता

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ शुक्रवार को हँसडीहा में ग्रामीणों के सड़क पर उतरने के दौरान भाजपा नेत्री एवं सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन भी जाम में फंस गईं। जाम के कारण उन्हें भी कुछ देर मौके पर रुकना पड़ा। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने सीता सोरेन के समक्ष क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, कम वोल्टेज और अन्य बुनियादी समस्याओं को रखा। लोगों ने कहा कि लंबे समय से बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो



पाया है। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद सीता सोरेन ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का माहौल है। बालू, गिट्टी समेत खनिज संपदाओं की खुलेआम लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है, लेकिन सरकार समस्याओं का समाधान निकालने में विफल साबित हो रही है। जनता की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए और सरकार को धरातल पर काम करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

# एसबीआई कर्मियों का आंदोलन : पीएलआई में भेदभाव और 5-डे बैंकिंग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को एसबीआई शाखा के बाहर ऑल इंडिया स्टाफ एसोसिएशन और ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन हुआ। बैंक कर्मियों ने प्रबंधन पर %बांटो और राज करो% की नीति अपनाने का गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित कर्मचारियों का कहना है कि बैंक प्रबंधन जमीनी स्तर पर दिन-रात मेहनत करने वाले कर्मियों के साथ घोर भेदभाव कर रहा है। विवाद की मुख्य वजह प्रोत्साहन राशि का अनुचित वितरण है। पूर्व समझौते के अनुसार, सातवें स्तर तक के सभी कर्मचारियों को 5 से 15 दिन की समान प्रोत्साहन राशि मिलनी थी।

लेकिन प्रबंधन ने यूनियनों को दरकिनार करते हुए स्केल-4 और उससे ऊपर के उच्च अधिकारियों को 365 दिनों तक का भारी-भरकम इंसेंटिव दे दिया। वहीं, निचले स्तर के कर्मियों को केवल 5, 10 और 15 दिन की राशि थमा दी गई, जिसे कर्मियों ने अपने साथ बड़ा छलावा बताया है।

एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव सायंतन मुखर्जी ने स्पष्ट किया कि पीएलआई योजना को सिर्फ स्थगित करना कोई समाधान नहीं है। इसे पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए और द्विपक्षीय समझौते के तहत आपसी सहमति से एक नई और पारदर्शी व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी**

यूनियनों ने बैंक प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि उनके साथ हो रहे इस भेदभाव को फौरन बंद नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं।

अगर मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक फैसला नहीं आता है, तो बैंक कर्मी 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाएंगे।

यदि इसके बाद भी समाधान नहीं निकला, तो 26 अक्टूबर से बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे।

# डीसी ने किया अत्याधुनिक एआई लैब का उद्घाटन

## कहा-तकनीक से आसान होगी बच्चों की पढ़ाई



**ब्यूरो**

**दुमका ।** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने नवनिर्मित अत्याधुनिक एआई लैब का उद्घाटन किया। इस लैब का निर्माण जिला प्रशासन को नीति आयोग द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को मसूरी में दिए गए यूज केस चैलेंज अवार्ड की पुरस्कार राशि से किया गया है।

इसका मुख्य उद्देश्य जिले के बच्चों को आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय शिक्षा से जोड़ना है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

---------------------

उद्घाटन के बाद उपायुक्त ने बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद किया। विद्यालय की एआई टीम ने शानदार आत्मविश्वास के साथ गूगल नोटबुक एलएम का डेमो प्रस्तुत किया। बच्चों ने दिखाया कि कैसे इस तकनीक से कठिन विषयों के नोट्स, अध्ययन सामग्री, प्रेजेंटेशन और वीडियो आसानी से तैयार किए जा सकते हैं। बच्चों की फर्राटेदार अंग्रेजी और तकनीक के प्रति उनकी समझ देखकर उपायुक्त बेहद प्रभावित हुए और उनकी जमकर सराहना की।

---------------------

उपायुक्त ने कहा कि आज के दौर में एआई भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि दुमका के बच्चे इस आधुनिक शिक्षा और गैजेट्स का लाभ उठाकर आईआईटी, नीट और खासकर यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराएं और जिले का नाम रोशन करें।

---------------------

कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और प्रधानाध्यापक को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। इससे वे बच्चों को कठिन विषय भी रोचक व सरल तरीके से पढ़ा सकेंगे।

# एसकेएमयू में बोर्ड ऑफ कांस्टीट्यूएंट कॉलेजेज का गठन, वीसी होंगे अध्यक्ष

**संवाददाता**

**दुमका ।** सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने अपने अंगीभूत कॉलेजों की प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 127/26 के अनुसार, बोर्ड ऑफ कांस्टीट्यूएंट कॉलेजेज का विधिवत गठन कर दिया गया है। झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 की धारा 56(2) के तहत मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए कुलपति के आदेश पर इस बोर्ड को मंजूरी दी गई है।

नवगठित बोर्ड के ढांचे को बेहद मजबूत और व्यापक बनाया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है। कुलपति इस महत्वपूर्ण बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि प्रति-कुलपति, प्रॉक्टर और अकादमिक मामलों के संकायाध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

इनके अलावा, मानव संसाधन प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल लर्निंग, संपदा एवं सुविधा प्रबंधन, समावेशी शिक्षा और छात्र कल्याण विभागों के निदेशकों को भी बोर्ड में सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, अंगीभूत कॉलेजों के निदेशक को इस बोर्ड का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

## एसकेएमयू में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दिवसों पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिपार्टमेंटल अवेयरनेस कैलेंडर जारी किया है। इसके तहत विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों के साथ सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों के अवसर पर अर्धदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर के निर्देश पर शुरू की जा रही इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के साथ उनमें नागरिक कर्तव्य, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की समझ विकसित करना है। कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अधिष्ठाता, शैक्षणिक मामले डॉ. जैनेंद्र यादव को दी गई है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और क्षेत्रीय मुद्दों की व्यावहारिक जानकारी मिलेगी। साथ ही संस्थागत गौरव और सार्वजनिक जागरूकता की भावना को भी मजबूत किया जाएगा।

## भड़का जनाक्रोश : 14 सितंबर से ठप होगा कोयला खदान का काम, ग्रामीण करेंगे चक्का जाम



**गोपीकांदर ।** ओडमो जंगल टोला में आदिवासी मूलवासी प्रभावित संघर्ष समिति की एक अहम बैठक समिति के अध्यक्ष सैमुएल मुर्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कोल कंपनी नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के खिलाफ ग्रामीणों ने अपनी गंभीर नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जिला उपायुक्त और जिला अनुमंडल पदाधिकारी को अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर आवेदन सौंपा था, लेकिन प्रशासन द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी अनदेखी के विरोध में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी 14 सितंबर को कोयला खदान में मिट्टी कटिंग का काम पूरी तरह बंद करा दिया जाएगा और कोयला परिवहन करने वाली गाड़ियों का चक्का जाम किया जाएगा। समिति ने साफ कर दिया है कि जब तक कंपनी उनकी तीनों प्रमुख मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक यह आंदोलन और काम बंदी जारी रहेगी। ग्रामीणों की तीन सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मुद्दा क्षेत्र में वास्तविक जनसुनवाई न होने का है। नियमों के अनुसार माइनिंग शुरू होने से पहले प्रभावित क्षेत्रों के सभी गांवों में आम जनता की राय और जनसुनवाई होनी अनिवार्य है, लेकिन कंपनी ने ऐसा नहीं किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए राजदीप मुर्मू, सोकोल मरांडी, हेमलाल सोरेन, नरेश हेंब्रम, मनोज सोरेन, देव हांसदा, लखीराम राय, राजकुमार हांसदा, चुड़का मुर्मू, रामु सोरेन, सुनिल मरांडी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## तेल निकालने की मशीन के वाहन से ढोई जा रही बकरी के लिए पत्तियां, योजना के उद्देश्य पर उठे सवाल




**मसलिया ।** सरकारी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों और किसानों को सुविधा उपलब्ध कराकर जनकल्याण करना है। लेकिन जब योजना के तहत मिले संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के विपरीत होने लगे तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ऐसा ही मामला मसलिया प्रखंड के मसानजोर पंचायत के गुंदलिया गांव में सामने आया है। यहां कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से तेल निकालने की मशीन के साथ उपलब्ध कराए गए तीन पहिया वाहन का उपयोग बकरी के लिए पेड़ की पत्तियां और टहनियां ढोने में किया जा रहा है। शुक्रवार को उक्त वाहन को गुमरो पहाड़ के पहाड़पुर मौजा में बकरी को खिलाने के लिए पत्तियां और टहनियां ढोते हुए देखा गया। पूछताछ में गुंदलिया गांव के चालक सुमन कुमार मंडल ने बताया कि उनके मौसा अजीत कुमार को यह वाहन और तेल निकालने की मशीन मिली थी। मशीन से किसानों की सरसों से तेल निकालने का काम किया जाना था, लेकिन मशीन खराब हो गई है। इसलिए फिलहाल वाहन से बकरी के लिए पत्तियां लाने का काम किया जा रहा है। मामले को लेकर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी धीरज साहू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मसानजोर लैम्पस को यह वाहन करीब 30 हजार रुपये में उपलब्ध कराया गया था। वहीं तेल निकालने वाली मशीन की कीमत करीब चार लाख रुपये है।

## बैंक हड़ताल से ठप रहा कामकाज

**सरैयाहाट संवाददाता।** बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों की देशव्यापी हड़ताल का असर शुक्रवार को सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र में भी देखने को मिला। हड़ताल के कारण सरैयाहाट, हँसडीहा, कुरमाहाट, गंगवारा समेत आसपास के क्षेत्रों में कई बैंक शाखाओं में कामकाज ठप रहा। बैंक शाखाओं के बंद रहने से अपने जरूरी बैंकिंग कार्यों के लिए पहुंचे ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक शाखाओं में कैश जमा एवं निकासी, चेक संबंधी कार्य, पासबुक अपडेट सहित कई शाखा-आधारित सेवाएं प्रभावित रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज से पहुंचे लोगों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा। बताया गया कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को देशव्यापी बैंक हड़ताल की गई। बैंक यूनियनें मुख्य रूप से पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने तथा लंबित मांगों के समाधान को लेकर आंदोलन कर रही हैं। बैंक हड़ताल के अगले दिन 12 सितंबर को दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने के कारण बैंक शाखाओं से जुड़े कई काम लगातार तीन दिनों तक प्रभावित रहेंगे। इससे ग्राहकों को अपने जरूरी बैंकिंग कार्यों के लिए अगले कार्यदिवस तक इंतजार करना पड़ सकता है।

## ग्राम ज्योति संस्था ने ली बालिकाओं का भविष्य संवारने की शपथ



**रामगढ़।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई। ग्राम ज्योति संस्था की ओर से धर्म गुरुओं और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित करना और 2030 तक बाल विवाह मुक्त समाज के संकल्प को साकार करना था। बैठक में ग्राम ज्योति की प्रतिनिधि ललिता हैम्ब्रम ने बाल विवाह के गंभीर शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक नुकसान पर चर्चा की। उन्होंने धर्म गुरुओं से खास अपील की कि वे समाज पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें और विवाह संपन्न कराने से पहले वर-वधू की उम्र जरूर जांचें। उपस्थित लोगों से कहा गया कि बाल विवाह रोकना सिर्फ प्रशासन का काम नहीं है, बल्कि इसमें पूरे परिवार और समाज की भागीदारी जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686